

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 06 अक्टूबर 2024 ■ आश्विन शुक्ल पक्ष-4 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-189 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 07 अक्टूबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

## हम बंटेंगे तो बांटने वाले महफिल सजाएंगे: मोदी

**नई दिल्ली,6 अक्टूबर।** पीएम मोदी ने ठाणे में 32,800 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़णवीस और अजीत पवार भी मौजूद रहे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने मुंबई मेट्रो लाइन-3 के बीकेसी से आरे जेवीएलआर खंड का उद्घाटन किया, जिसकी लागत लगभग 14,120 करोड़ रुपये है। प्रधानमंत्री ने करीब 12,200 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली ठाणे इंटीग्रल रिंग मेट्रो रेल परियोजना की आधारशिला रखी।

इस दौरान मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने मराठी भाषा को अभिजात भाषा का दर्जा दिया है। उन्होंने कहा कि ये केवल मराठी और महाराष्ट्र का सम्मान नहीं है, बल्कि ये उस परंपरा का सम्मान है, जिसने इस देश को ज्ञान, दर्शन, अध्यात्म और साहित्य की समृद्ध संस्कृति दी है। मैं इसके लिए देश और दुनिया में मराठी बोलने वालों को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि आज महायुति सरकार ने मुंबई एमएमआर में 33,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं शुरू की हैं। इसके अलावा, 12,000 करोड़ रुपये से अधिक की ठाणे इंटीग्रल रिंग मेट्रो रेल की नींव रखी गई है। ये विकास कार्य मुंबई और ठाणे को आधुनिक पहचान देंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि ठाणे से बाबा साहेब ठाकरे का खास लगाव था। ये स्व. आनंद दिघे जी का भी शहर है। इस शहर ने देश को आनंदी बाई जोशी जैसी देश की पहली महिला डॉक्टर दी थी। आज हम इन विकासकार्यों के जरिए इन महान विभूतियों के संकल्प को भी पूरा कर रहे



हैं। मैं इन सभी विकासकार्यों के लिए महाराष्ट्र के सभी लोगों को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि आज हर भारतवासी का एक ही लक्ष्य है, विकसित भारत... इसलिए हमारी सरकार का हर निर्णय, हर संकल्प, हर सपना विकसित भारत के लिए समर्पित है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज एक तरफ महायुति सरकार है, जो महाराष्ट्र के विकास को ही अपना लक्ष्य मानती है। दूसरी ओर कांग्रेस और महाअघाड़ी वाले लोग हैं, उन्हें जब भी मौका मिलता है, वो विकास के काम को ठप्प कर देते हैं। उन्होंने कहा कि मुंबई में मेट्रो लाइन-3 की शुरुआत देवेन्द्र फडणवीस के मुख्यमंत्री रहते हुई थी। इसका 60 प्रतिशत काम उनके कार्यकाल में हो भी गया था, लेकिन फिर महाअघाड़ी की सरकार आ गई। महाअघाड़ी वालों ने अपने अहंकार में मेट्रो का काम लटका दिया, 2.5 साल तक काम अटके रहने से प्रोजेक्ट की कीमत 14 हजार करोड़ रुपये बढ़ गई।

विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस, भारत की सबसे बेईमान और भ्रष्ट पार्टी है। चाहे कोई भी दौर हो, कोई भी राज्य हो, कांग्रेस का चरित्र नहीं बदलता! उन्होंने कहा कि आप पिछले एक हफ्ते का हाल देख लीजिए... कांग्रेस के एक छ्रूका जमीन घोटाले में नाम आया है, उनके एक मंत्री महिलाओं को गालियां दे रहे हैं, उनको अपमानित कर रहे हैं, हरियाणा में कांग्रेस का एक नेता ड्रग्स के साथ पकड़ा गया है। कांग्रेस चुनाव में बड़े-बड़े वादे करती है, लेकिन सरकार बनने पर जनता के शोषण का नया नया तरीका खोजती है। आए दिन, नए-नए टैक्स लगाकर अपने घोटालों के लिए पैसा जुटाना ही इनका एजेंडा है। मोदी ने कहा कि आज कांग्रेस का असली रंग खुल कर सामने आ गया है। कांग्रेस को अब अर्बन नक्सल का गैंग चला रहा है। पूरी दुनिया में जो लोग भारत को आगे बढ़ने से रोकना चाहते हैं, कांग्रेस अब खुलकर उनके साथ खड़ी है। इसलिए अपनी घोर असफलता के बावजूद कांग्रेस, सरकार बनाने का सपना देख रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जानती है कि उनका वोट बैंक तो एक रहेगा, लेकिन बाकी लोग आसानी से बंट जाएंगे। कांग्रेस और उनके साथियों का एक ही मिशन है, समाज को बांटो और सत्ता पर कब्जा करो। इसलिए हमारी एकता को ही देश की ढाल बनाना है, हमें याद रखना है कि अगर हम बंटेंगे तो बांटने वाले महफिल सजाएंगे। हमें कांग्रेस और अघाड़ी वालों के मंसूबों को कामयाब नहीं होने देना है।

## जल जगार महोत्सव: वाटर ओलंपिक से दूसरा दिन भी रहा रोमांच भरा

**धमतरी,6 अक्टूबर।** जिले के रविशंकर जलाशय गंगरेल में आयोजित दो दिवसीय जल जगार महा उत्सव के दूसरे दिन आज रायपुर सहित प्रदेश के अन्य जिलों से प्रतिभागियों और दर्शकों का आगमन हुआ. इस दौरान जल ओलंपिक के प्रति लोगों में जबर्दस्त उत्साह देखने को मिला. कार्यक्रम में शामिल हुए लोगों ने कयाकिंग, तैराकी, बनाना राइड, फ्री स्टाइल स्विमिंग, फ्लैग रेस, थ्रो रो और रिवर क्रॉसिंग जैसी गतिविधियों का भरपूर आनंद लिया. इस मौके पर रायपुर के संजय बच्चानी, अमित गोयल और राकेश ने धमतरी में जल संरक्षण के लिए किए गए सामुदायिक प्रयासों की सराहना की. उन्होंने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज का हर व्यक्ति इसमें योगदान दे सकता है. प्रतिभागियों ने गिरते भूजल स्तर, पेड़ों की कटाई और मिट्टी के कटाव जैसे मुद्दों पर चिंता व्यक्त करते हुए भविष्य के लिए जल और पर्यावरण संरक्षण हेतु वॉटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं और पौधारोपण के महत्व पर जोर दिया. बिलासपुर से आए प्रतिभागी वेदांत वर्मा ने बताया कि तैराकी उनका शौक है, और वे जल ओलंपिक में भाग लेकर जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना चाहते हैं. उनका कहना था, जल है तो कल है. रविवार सुबह जल जगार महोउत्सव के हाफ मैराथन में सैकड़ों की तादाद में लोग पहुंचे और जल जागरूकता के लिए आयोजित इस विराट आयोजन का हिस्सा बने. रविशंकर जलाशय गंगरेल डैम के मुहाने से शुरू हुई इस हाफ मैराथन को तीन श्रेणियों में आयोजित किया गया . इसमें गंगरेल हाफ मैराथन, एन्डुरन्स रन और वॉकेथॉन शामिल है. गौरतलब है कि गंगरेल हाफ मैराथन के तहत 21.1 किलोमीटर का मैराथन में 18 से 29 वर्ष, 30 से 49 वर्ष तक की आयु वर्ग तथा 50 वर्ष से अधिक आयु के प्रतिभागी हिस्सा लिये.

## संक्षेप

### दुर्गा पंडाल में अचानक घुसा भालू

**कांकेर,6 अक्टूबर।** जिले के लारगांव स्थित दुर्गा पंडाल में देर रात एक भालू अचानक घुस आया. घटना उस समय की है जब पंडाल में लगभग 10 ग्रामीण सो रहे थे. भालू तेल पीने की लालच में पंडाल में घुस गया, लेकिन गनीमत रही कि उसने किसी पर हमला नहीं किया. ग्रामीणों ने स्थिति को संभालते हुए शांति बनाए रखी, जिससे बड़ा हादसा टल गया. कांकेर जिले में जंगली जानवरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है. भालू के अलावा तेंदुए भी रिहायसी इलाकों में घुसकर हिंसक हो रहे हैं. इन जंगली जानवरों की गतिविधियों से वन विभाग के सामने बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है. बीते कुछ दिनों में तेंदुए ने बच्चों सहित अन्य लोगों पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया है. वहीं कुछ दिन पहले जिला मुख्यालय से लगे डुमाली गांव में एक साथ पांच तेंदुए देखे गए थे, जिससे वन विभाग अलर्ट मोड पर है. आस-पास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है.

### चेन्नई रनवे पर लैंडिंग के दौरान विमान का टायर फटा

**चेन्नई ,6 अक्टूबर।** चेन्नई हवाई अड्डे पर एक बड़ा हादसा होने से बच गया। यहां एक मस्कट से 146 यात्रियों को लेकर चेन्नई आ रहे एक विमान का शनिवार को यहां अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरते समय टायर फट गया। अधिकारियों ने इस घटना के बारे में जानकारी। चेन्नई हवाई अड्डे के अधिकारियों ने कहा कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि विमान अभी उतरा ही था कि पीछे का एक टायर फट गया। विमान की वापसी यात्रा रद्द कर दी गई है और सभी यात्रियों को शहर के विभिन्न होटलों में ठहराया गया है। शुरुआती जांच से पता चला कि हवाई जहाज के टायर की बाहरी परत जिसे 'ट्रेड' कहा जाता है, क्षतिग्रस्त हो गई थी, जो लैंडिंग के दौरान हो सकती है।

### शोपियां में 20 साल बाद कश्मीरी पंडितों ने मंदिर में की भव्य पूजा

**श्रीनगर ,6 अक्टूबर ।** कश्मीर के शोपियां जिले के नादिमर्ग गांव में स्थित प्राचीन अर्धनारीश्वर मंदिर में 20 साल बाद शनिवार को भव्य पूजा आयोजित की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडित श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान भगवान भोलेनाथ के जयकारे गूंजे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 20 सालों के बाद मंदिर में पूजा का आयोजन शांतिपूर्ण माहौल में हुआ। स्थानीय मुस्लिम समुदाय ने भी कश्मीरी पंडित भाइयों का हार्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर शोपियां के उपायुक्त (डीसी) मोहम्मद शाहिद सलीम डार ने मंदिर का दौरा किया और इस आयोजन को शांति और समृद्धि का प्रतीक बताया।

### दुकान में लगी भीषण आग, दो बच्चों समेत सात लोग जिंदा जले

**मुंबई ,6 अक्टूबर।** बीएमसी आपदा नियंत्रण ने बताया कि उत्तरी मुंबई के चेंबूर उपनगर में एक दुकान में लगी भीषण आग में सात लोगों की जलने से मौत हो गई। इनमें दो बच्चे भी थे। भीषण हादसा सुबह करीब 5.15 बजे सिद्धार्थ कॉलोनी में हुआ। मरने वालों में पति पत्नी दो बच्चे और तीन रिश्तेदार शामिल है। सभी सोए थे इसलिए आग लगने का आभास नहीं हुआ। अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग ग्राउंड फ्लोर स्थित दुकान में लगी। यहीं से बिजली की वायरिंग से होते हुए ऊपर के फ्लोर तक पहुंच गई। धीरे धीरे घर का सारा सामान जल गया। नीचे दुकान थी और ऊपर की मंजिल में परिवार रहता था। सूचना पर दमकल विभाग मौके पर पहुंचा। पीड़ितों को रेस्क्यू किया। आनन फानन में दमकल विभाग पीड़ितों को राजावाड़ी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों के नाम अनीता गुप्ता (39 साल), प्रेम गुप्ता और मंजू प्रेम गुप्ता (30 साल) समेत नरेंद्र गुप्ता. (10) और पैरिस गुप्ता (7 साल) है।

## पिकअप वाहन पलटने से 25 लोग घायल, 2 की हालत नाजुक



**कवर्धा,6 अक्टूबर।** कबीरधाम जिले में एक बार फिर से दर्दनाक हादसा हुआ है. बचेड़ी गांव में तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया. इस हादसे में 25 लोग घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत नाजुक बताई जा रही है. सभी घायलों को लोहारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है. जहां सभी का इलाज जारी है. यह मामला लोहारा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बचेड़ी का है. जहां आज रविवार सुबह करीब 7-30 के आसपास एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई. पिकअप में 30 लोग सवार थे. हादसे में 25 लोगों को चोटें आई है. घटना के तुरंत बाद घायलों को डायल 112 टीम और संजीवनी 108 एंबुलेंस की मदद से सभी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोहारा में भर्ती कराया गया है. बता दें कि प्रशासन के सुस्ती रवैया से लगातार जिले में पिकअप हादसे हो रहे हैं. कुछ महीने पहले कुकदूर थाना क्षेत्र में पिकअप हादसा हुआ था, जिसमें 19 लोगों की जान चली गई थी. उसके बावजूद शासन-प्रशासन की सुस्ती रवैया के चलते आए दिन पिकअप हादसे से हो रहे हैं.

### एग्जिट पोल की खुल चुकी है पोल, मैं पक्का जीतूंगा : अनिल विज

**चंडीगढ़ ,6 अक्टूबर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अनिल विज ने कहा कि एग्जिट पोल की पोल खुल चुकी है। उन्होंने दावा किया है कि वो अंबाला कैंट के चुनावी मैदान में जीत का परचम लहराने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक मतदान का पूरा आंकड़ा नहीं आया है। चुनाव आयोग रात 11 बजे के बाद अंतिम आंकड़े जारी करेगा। ऐसे में मुझे लगता है कि इससे पहले कुछ कहना उचित नहीं रहेगा। आयोग द्वारा बिना आंकड़े जारी किए कैसे एग्जिट पोल आ सकते हैं ।

उन्होंने कहा, मुझे अंबाला कैंट का पता है। मैं भारी मतों से जीत का परचम लहराने जा रहा हूं। इसके अलावा, हरियाणा में भाजपा तीसरी बार जीत के साथ हैट्रिक लगाने जा रही है। उन्होंने कहा, एग्जिट पोल को लेकर कई लोग दावे कर रहे हैं, लेकिन मैं एक बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि कई बार एग्जिट की पोल की पोल खुल चुकी है। ऐसे में मुझे इस पर विश्वास नहीं रह गया है। अंबाला कैंट में लोगों के बीच में उत्साह देखने को मिल रहा है। मुझे पूरी उम्मीद है कि मैं भारी मतों से यहां से जीतूंगा।

## जल शुद्धिकरण की जैविक तकनीक है ई-बॉल, मुख्यमंत्री ने सराहा

**रायपुर ,6 अक्टूबर**

धमतरी में जल-जगार महा उत्सव के दौरान आयोजित अंतरास्ट्रीय जल सम्मेलन में छत्तीसगढ़ में बने जल शुद्धिकरण की जैविक तकनीक ई-बॉल को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सराहा। उन्होंने जल शुद्धिकरण की इस अभिनव तकनीक को आज की आवश्यकता बताया। साथ अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में आये विदेशी जल विशेषज्ञों को खूब पसंद आया, उन्होंने इस तकनीक को बारीकी से समझा और इस पर काम करने में दिलचस्पी दिखाई। जल जगार महोत्सव में पानी शुद्धिकरण की इस तकनीक का जीवंत प्रदर्शन महोत्सव स्थल पर किया गया था जहां पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री साय व अतिथियों ने भी इस तकनीक को समझा और सराहा। ई-बॉल बैक्टीरिया और फंगस का मिश्रण है जिसे लाभदायक सूक्ष्मजीवों के द्वारा कैलिशयम कार्बोनेट के कैरियर के माध्यम से जैव-प्रौद्योगिकी वैज्ञानिक डॉ प्रशान्त कुमार शर्मा के द्वारा 13



वर्षो के अनुसंधान के बाद बनाया गया है। ई-बॉल 4.0 से 9.5 पीएच और 10 से 45 डिग्री सेल्शियस तापमान पर सक्रिय होकर काम करता है। ई-बॉल में मौजूद लाभदायक सूक्ष्मजीव नाली या तालाब के प्रदूषित पानी में जाते ही वहां उपलब्ध ऑर्गेनिक अवशिष्ट से पोषण लेना चालू कर अपनी संख्या में तेजी से वृद्धि करते है तथा पानी को साफ करने लगते है। एक ई-बॉल करीब 100 से 150 मीटर लंबी नाली को साफ कर देती है औसतन एक एकड़ तालाब के जल सुधार के लिए 800 ई-बॉल की आवश्यकता होती है। खास बात यह है कि ई-बॉल के प्रयोग से पानी मे रह रहे जलीय जीवों पर इसका कोई भी साइड इफ़ेक्ट नही होता है, इसके प्रयोग से पानी के पीएच मान, टीडीएस और बीओडी स्तर में तेजी से सुधार होता है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ समेत मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, उत्तरप्रदेश, झारखंड, पंजाब, राजस्थान और दिल्ली के कई तालाबों में इसका सफल प्रयोग चल रहा है।

## अर्बन नक्सल और देश को बांटने वाले लोगों की भाषा बोल रहे राहुल गांधी: नड्डा

**नई दिल्ली,6 अक्टूबर।** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर में एक सभा को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि मैं लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद पहली बार हिमाचल आया हूं। आप लोगों ने चारों की चारों सीटें भाजपा को जिताईं, इसके लिए मैं आपको विशेषकर धन्यवाद देता हूं। आपकी मदद से, आपके आशीर्वाद से 60 साल बाद नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनें। उन्होंने कहा कि आप सब लोगों ने (भाजपा कार्यकर्ता) मेरे साथ वो दिन भी देखा है, जब हम किराए के मकान में अपना कार्यालय चलाते थे। कभी किसी समर्थक से दुकान के ऊपर की जगह ले लिया करते थे और व्यापार मंडल की दरी लाकर बिछाते थे, कार्यक्रम करते थे और व्यापार मंडल को धन्यवाद के साथ दरी वापस दे देते थे।

जेपी नड्डा ने कहा कि आज हम लोगों के लिए खुशी का विषय है कि भाजपा का भव्य कार्यालय है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के संकल्प के साथ इस कार्यालय का उपयोग होना चाहिए। मुझे पूरा विश्वास है कि आप कार्यकर्ता ये करेंगे। उन्होंने दावा किया कि बीजेपी एक विचारधारा आधारित पार्टी है। उनका मकसद सत्ता हासिल करना नहीं, बल्कि लोगों को सशक्त बनाना है। हमारे नेताओं ने एकजुट जम्मू-कश्मीर के लिए शहादत दी है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 1952 के संकल्प को मोदी जी ने 2019 में पूरा किया। विपक्ष पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस वह पार्टी है जो आजादी की लड़ाई लड़ने आई थी।

## बंगाल में नाबालिग के अपहरण-हत्या पर बवाल

**कोलकाता,6 अक्टूबर।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के जॉयनगर में शुक्रवार को एक नौ वर्षीय लड़की की हत्या कर दी गई। शुक्रवार देर रात उसका शव मिला। पुलिस ने आरोपी 18 वर्षीय युवक को गिरफ्तार कर लिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने पहले तो गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करने से इनकार कर दिया। 200 लोगों की भीड़ ने महिषमारी पुलिस चौकी में तोड़फोड़ की और आग लगा दी। शनिवार तड़के जब पुलिस शव बरामद करने के लिए गांव पहुंची तो गुस्साए ग्रामीणों ने उनके साथ मारपीट की। हालांकि, इसको लेकर राजनीति तेज हो गई है। भाजपा ममता बनर्जी सरकार पर हमलावर हो गई है। बीजेपी नेता अग्निमित्रा पॉल ने कहा कि नौ साल की बच्ची कल ट्यूशन से लौट रही थी, आज उसका शव नहर में मिला। लड़की के परिवार ने पुलिस से मामले में एफआईआर दर्ज करने का आग्रह किया था लेकिन ममता बनर्जी की पुलिस ने इसे दर्ज नहीं किया। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने उसके शरीर को देखा है उसके शरीर पर उसी तरह की चोटें थीं जैसी अभया के शरीर पर थीं। ऐसे में शव को सुरक्षित रखा जाना चाहिए। पोस्टमार्टम केंद्र सरकार के अधीन अस्पताल में किया जाना चाहिए। भाजपा नेत्री ने कहा कि मैंने लड़की के पिता से बात की और वह इस बात से सहमत हैं कि शव को संरक्षित किया जाना चाहिए। सीएम को जिम्मेदारी लेने की जरूरत है क्योंकि वह आरोपियों को बचाती हैं। हम आरोपियों को मौत की सजा और मामले की सीबीआई जांच की मांग करेंगे। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि बंगाल में कानून व्यवस्था की स्थिति गंभीर है। यह चिंता



का विषय है। उन्होंने कहा कि बंगाल में कानून-व्यवस्था काम नहीं कर रही है। वहां हालात ठीक नहीं हैं। केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा कि जयनगर में एक मासूम के साथ हुई घटना से पता चलता है कि ममता बनर्जी का प्रशासन पर कोई नियंत्रण नहीं है. ममता बनर्जी ने उनसे (पुलिस से) एफआईआर दर्ज नहीं करने को कहा क्योंकि पश्चिम बंगाल में बलात्कार की घटनाएं बढ़ रही हैं.

## अभनपुर में पलटी पिकअप, 1 मजदूर की मौत, 14 घायल

**रायपुर,6 अक्टूबर।** रायपुर से लगे अभनपुर इलाके में रविवार को एक गंभीर सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक मजदूर की मौत हो गई और 14 से अधिक लोग घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब एक पिकअप वाहन, जिसमें करीब दो दर्जन मजदूर सवार थे, तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित होकर पलट गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अभनपुर के ग्राम खोला से दो दर्जन से अधिक श्रमिक मजदूरी के लिए पिकअप वाहन से नवा रायपुर के ग्राम बंजारी जा रहे थे। पिकअप की रफ़्तार ज्यादा दी, तभी यह ग्राम थनौद चौंक के आगे अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय प्रशासन द्वारा तुरंत राहत कार्य शुरू किया। दुर्घटना के बाद घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान ग्राम पोंड निवासी तोमलाल साहू (32) की मौत हो गई। मृतक तोमलाल अश्वनी साहू का पुत्र था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, पिकअप वाहन तेज गति से चल रहा था, जिससे यह संतुलन खो बैठा और पलट गया। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।

नरेंद्र कुमार बघेल, 42 वर्ष, ग्राम खोला,चंद्रवती, 50 वर्ष, ग्राम खोला,जमुना सोनवानी, 40 वर्ष, ग्राम खोला,तुलसी बाई, 35 वर्ष, ग्राम खोला,रेखा, 25 वर्ष, ग्राम खोला,चित्ररेखा, 26 वर्ष, ग्राम खोला,सविता टंडन, 40 वर्ष, ग्राम खोला,प्रियांशु बघेल, 18 वर्ष, ग्राम खोला,सोनार कौशिक, 50 वर्ष, ग्राम खोला,हितेश कुर्रे, 32 वर्ष, ग्राम खोला,रुक्मणी तारक, 47 वर्ष, ग्राम खोला,रुक्मिणी बाई, 36 वर्ष, ग्राम खोला,पूर्णिमा बघेल, 36 वर्ष, ग्राम खोला,मनोज पाल, 36 वर्ष, ग्राम पोंड।

## वन एवं वन्य जीवों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती: मांझी

**गरियाबंद,6 अक्टूबर।** उदंती सीता नदी टाइगर प्रोजेक्ट के अंतर्गत आज वन्य प्राणी संरक्षण संवर्धन सप्ताह के अंतिम पड़ाव में आज उदंती सीता नदी टाईगर क्षेत्र के कोयबा केंद्र में पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी के उपस्थिति में बच्चों के द्वारा विभिन्न वन्य प्राणियों के सुरक्षा को लेकर विभिन्न सांस्कृतिक एवं नाटक पेश किया गया जिसमें मैं 13 विभिन्न स्कूलों के बच्चों को आमंत्रित कर वन्य जीवों के बारे में प्रश्न पूछे गए तथा उनके जवाब से संतुष्ट होने पर उन्हें पुरस्कृत किया गया इस अवसर पर मैनपुर एसडीओपी बाजीराव भी उपस्थित रहे कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से उदंती सीता नदी टाइगर प्रोजेक्ट के उपनिदेशक वरुण जैन की प्रमुख भूमिका रही साथ ही टाइगर प्रोजेक्ट के परिक्षेत्र अधिकारीउप संचालक गोपाल कश्यप रेंज अधिकारी,राकेश परिहार ,अमर सिंह ठाकुर श्रीमती मेश्राम आदि अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे. दरअसल उदंती सीता नदी टाइगर प्रोजेक्ट के तत्वाधान में वन्य प्राणी सुरक्षा संरक्षण संवर्धन सप्ताह के अंतर्गत 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक वन्य जीव संरक्षण सप्ताह मनाया जा रहा है उदंती सीता नदी टाइगर प्रोजेक्ट के कोयबा सेंटर के अंतर्गत आज 13 स्कूलों के विभिन्न बच्चों को के द्वारा वन विभाग के द्वारा वन्य जीवों के संरक्षण संवर्धन




हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए थे जिसमें प्रमुख रूप से वन्य जीवों को लेकर प्रश्नोत्तरी वन्य जीवों के के आदत व्यवहार उनके संरक्षण संवर्धन हेतु क्या उपाय किए जा सकते हैं इस पर विस्तृत चर्चा की गई इस अवसर पर बच्चों के द्वारा वन्य जीवों को लेकर बनाई गई पेंटिंग रंगोली पोस्टर बैनर की प्रदर्शनी भी की गई साथ ही बीते एक सप्ताह से विभिन्न स्कूलों में आयोजित वन्य जीवों को लेकर की जा रही प्रतियोगिता में विजय बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया उदंती सीता नदी टाइगर प्रोजेक्ट के उपनिदेशक वरुण जैन ने बीते एक सप्ताह से कार्यक्रम को सफल बनाने लगातार प्रयासरत थे और आज उनका यह प्रयास व्यापक रूप से सफल होते भी नजर आया जहां बच्चों ने अनेक वन्य जीवों के सवाल पर समुचित एवं रोचक जवाब दिए वही एक महत्वपूर्ण बात यह भी देखने को मिली कि बच्चों में वन्य जीवों के प्रति व्यापक उत्साह है वे वन्य जीवों के आदत व्यवहार उनके संबंध में जानने के लिए जागरूक नजर आये इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी ने कहा निश्चित रूप से जंगल है तब तक आदिवासी सुरक्षित हैं । हमारा जनजीवन बिना जंगल के संभव नहीं है इसलिए क्षेत्र के निवासियों से अपेक्षा है वन्य जीवों के साथ जंगलों की भी सुरक्षा करें हमें इसे उजाड़ना नहीं है। इस अवसर पर एसडीओपी मैनपुर बाजीराव ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा समय के साथ जंगल सिकुड़ता जा रहा है और वनों में रहने वाले वन्य जीवों के लिए सिकुड़ते जंगल के चलते रहवासी क्षेत्र खत्म होते जा रहा है यह कोई अच्छा संकेत नहीं है हम लोगों को चाहिए कि हम वनों को काटे नहीं जिससे वन्य जीव और मानव के बीच संतुलन कायम रह सके आज वन्य जीव गांव में पहुंचकर लोगों के ऊपर हमला कर रहे हैं इसका मुख्य कारण यह है कि हम मानव जंगलों पर कब्जा करते जा रहे हैं हमें इससे बचना होगा तभी वन्य जीव सुरक्षित रह सकते हैं बिना वन्य जीव के मानव का भी जंगल में रहने की कल्पना नहीं की जा सकती इस अवसर पर उदंती सीता नदी टाइगर प्रोजेक्ट के अधिकारी वरुण जैन ने कहा कि बिना वन्य जीव की मानव की कल्पना करना व्यर्थ है हमें चाहिए कि हम जंगलों का बचाव करें ,जंगल बचेंगे तो वन्य जीव भी बचेंगे।

## तिरुपति मंदिर को लेकर नया विवाद

**हैदराबाद,6 अक्टूबर।** क्या आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर के प्रसाद में कीड़े पाए गए? रिपोर्ट के मुताबिक, यह घटना बीते बुधवार दोपहर 1.30 बजे की है जब मंदिर में दोपहर का भोजन परोसा जा रहा था। एक भक्त ने दावा किया कि उसे अपने दही चावल में कनखजूरा मिला। हालांकि, तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ने भक्त के इस दावे को खारिज कर दिया है। मंदिर के दर्शन के लिए वारंगल से तिरुपति आने वाले चंदू ने कहा, जब मैंने कर्मचारियों के सामने यह मुद्दा उठाया तो उनकी प्रतिक्रिया चौंकाने वाली रही। उनका कहना था कि ऐसा कभी-कभी हो जाता है। इसके बाद उसने प्रसाद का फोटो और वीडियो लेकर मंदिर के अधिकारियों से संपर्क किया। उन्होंने पहले इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया और बाद में उसे डराने-धमकाने की कोशिश की। चंदू ने बताया, मंदिर के अधिकारियों ने मुझसे कहा कि प्रसाद परोसने के लिए इस्तेमाल की जाने वाले पत्ते से कीड़ा आया होगा। मगर, शिकायतकर्ता का कहना है कि यह लापरवाही अस्वीकार्य है। अगर बच्चे या दूसरे लोग दूषित भोजन खाते हैं तो इसके लिए किसे जिम्मेदार ठहराया जाएगा? दूसरी ओर, टीटीडी ने इन आरोपों से इनकार किया और ऐसे दावे को निराधार व झूठा बताया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मंदिर में रोजाना हजारों लोगों के लिए ताजा प्रसाद बनाया जाता है। मगर, इसमें कोई कीड़ा मिला। बयान में कहा गया, टीटीडी श्रीवारी दर्शन के लिए आने वाले हजारों भक्तों के लिए गर्म अन्न प्रसादम तैयार करता है। यह अपुष्ट दावा है कि कनखजूरा बिना ध्यान दिए भोजन में गिर सकता है। टीटीडी की ओर से कहा गया कि प्रसाद को लेकर टिप्पणी भक्तों को भगवान वेंकटेश्वर में उनकी आस्था से भटकाने का प्रयास हो सकती है। साथ ही, संस्था को बदनाम करने का यह एक जरिया है।


## एक नज़र



कवर्धा। गांव जरती में मां दुर्गा की मूर्ति विराजित।



कवर्धा।पोंडी गांव में मां दुर्गा की मूर्ति विराजित।



कवर्धा। गांव नेऊरगांवखुर्द में मां दुर्गा की मूर्ति विराजित।



भिलाई, 6 अक्टूबर। जलेबी चौक कैंप-1 में विराजित माँ दुर्गा की जीवंत एवं आकर्षक प्रतिमा।

### सीईओ ने की पौधारोपण की अपील



**कवर्धा 6 अक्टूबर।** सहसपुर लोहारा में गांवों में बेहतर स्वच्छता दिखी और कार्यालय में भी पीएम मोदी का स्वच्छता अभियान सुंदर दिखा । सहसपुर लोहारा के सीईओ आर एस नायक ने स्वच्छता अभियान पर चर्चा करते हुए बताया की स्वच्छता पखवाड़ा के तहत गांवों में स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया और स्वच्छता एक सतत प्रक्रिया है । लोगो से विनम्र अपील है की एक वृक्ष मां के नाम के तहत एक पौधा अवश्य लगाएं क्योंकि पौधा है तो जीवन है ।

### नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी

**भिलाई 6 अक्टूबर।** छावनी थाना क्षेत्र एक महिला पुलिस कर्मी ने नौकरी लगवाने का झांसा देकर 50 हजार रुपए लेकर धोखाधड़ी की है। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। लिंक रोड कैंप-2 निवासी आरती अग्रवाल अग्रवाल होटल की संचालिका है उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि होटल व्यवसाय के दौरान नवम्बर 2023 में एक महिला होटत में चाय नाश्ता करने आती रहती थी प्रार्थिया बीएड कर प्राइवेट नौकरी करना बताया।

### मंदिर के सामने लगेगा पेवर विधायक ने किया भूमिपूजन

**रिसाली 6 अक्टूबर।** वार्ड 23 प्रगति नगर में निर्माणाधीन मंदिर में पेवर ब्लॉक लगाया जाएगा। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने शुक्रवार को भूमिपूजन किया। लघु उद्यान सौन्दर्यीकरण के तहत यह कार्य पार्षद निधि से होगा। इसके लिए पार्षद धर्मेन्द्र भगत ने 6 लाख की राशि दी है। भूमिपूजन कार्यक्रम में पार्षद धर्मेन्द्र भगत, रमा साहू, सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, रिसाली मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे, महामंत्री राजू जंघेल आदि उपस्थित थे।

### इन्दु उमक पंचतत्व में विलीन

**भिलाई, 6 अक्टूबर।** आम्रपाली वनांचल सिटी निवासी समाजसेविका श्रीमती इन्दु मधुकर राव उमक शनिवार को पंचतत्व में विलीन हो गयीं।



उल्लेखनीय है कि शुक्रवार 4 अक्टूबर की सुबह 07 बजे उनका निधन हो गया। 83 साल की इन्दु उमक का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा था। उनकी अंतिम यात्रा 5 अक्टूबर शनिवार को सुबह 10-30 बजे आम्रपाली वनांचल सिटी से निकाली गयी और रामनगर मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। श्रीमती इंदु उमक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से सेवानिवृत्त मधुकर राव उमक की धर्मपत्नी थीं। वे इंदु आईटी स्कूल के संचालक संजय एम. उमक और इंदु टेक्निकल इंस्टिट्यूट के संचालक सारंग एम. उमक की माताश्री, श्रीमती मीनल उमक, श्रीमती मेघा उमक, विनायक राव की सास, विजया लक्ष्मी, रंजना की माँ, राजवीर, उत्कर्षा, निहांशु की नानी व यशोवर्धन, कौस्तुभ, कु.वैष्णवी की दादी थीं।

# कांग्रेसियों का शराब दुकान खुलने का विरोध करना उनके मानसिक दिवालियेपन को दर्शाता है: हर्षा

■ जनता सक्षम, दोगले कांग्रेसियों की आवश्यकता नही

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई 6 अक्टूबर।** जिला पंचायत दुर्ग की सदस्य श्रीमती हर्षा लोकमनी चंद्राकर ने एक विज्ञप्ति जारी कर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर आरोप लगाया कि पांच साल तक सरकार में रहकर गली गली में अवैध शराब बिकवाने वाले अब वर्तमान सरकार द्वारा पाटन में खोला जा रहा वैध शराब दुकान पर राजनीति करने अपने कार्यकर्ताओं को भेजकर कर खुलने वाले वैध शराब दुकानों का विरोध करवा रहे है। वैध अवैध शराब दुकान की बात करने वाले भूपेश बघेल और उनके चमचों को आड़े हाथों लेते हुवे कहा की गिरगिट की तरह रंग बदलने वाले कांग्रेसियों के मुंह से ये बातें शोभा नही देती जिनके आका भूपेश बघेल ने अपनी सत्ता रहते पूरे पांच साल तक नकली होलो ग्राम लगवाकर शासकीय शराब दुकानों से ही आधी सरकारी और आधी अवैध शराब बिकवाकर ना सिर्फ अपनी तिजोरियां भरी अपितु छत्तीसगढ़ के खजाने को खूब लुटा और छत्तीसगढ़ीयों के साथ गद्दारी की जिसकी पूरी जांच अभी बाकी है। श्रीमती हर्षा चंद्राकर ने आरोप लगाया है कि ये वही भुपेश बघेल (तत्कालीन कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष) है जिन्होंने 2018 चुनाव के पूर्व अपने घोषणापत्र में पूर्ण शराबबंदी के वादा किया था परंतु जैसे ही इनकी सरकार बनी जनता से किये वादे को भूल गए, जनता के साथ भयकर विश्वासघात किये। ये कांग्रेसी भूल गए है कि अपने मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल में कॅरोना काल मे लॉकडाउन के समय जब पूरे आसपास की सारी शराब दुकाने बंद थी तब इकलौता पाटन क्षेत्र की जामगांव एम की शराब दुकान खुली थी जंहा पर प्रतिदिन लगभग दस हजार की भीड़ हुआ करती थी तब क्या इन कांग्रेसियों के आंख में पट्टी बंधी थी या इनको दिनौंधि हो गई थी। और जब हमने तत्कालीन समय मे इस शराब दुकान को बंद करने के लिए धरना कर विरोध किये तो तत्कालीन मुख्यमंत्री एव कांग्रेसियों ने मिलकर मेरे साथ मेरे अन्य 13 साथियों के ऊपर फर्जी रूप से धकैती का धारा लगवाया तब ये कांग्रेसी क्या कान में रुई डालकर सोये थे तब इन कांग्रेसियों ने अपने आका का क्यो विरोध नही किया कि एक महिला जो सम्मानित जनप्रतिनिधि है जो कि दुकान के आसपास कंही है ही नही वो कैसे शराब की डकैती कर सकती है। श्रीमती हर्षा चंद्राकर ने आगे कहा कि पुर्ण शराबबंदी का वादा करने वाले कांग्रेसी उस समय कँहा थे जब कॅरोना काल मे इनकी सरकार ने आनलाइन शराब बेचकर घर घर शराब पहुंचाने का काम कर रही थी। ये उस समय कँहा थे जब सरकार पूरे छत्तीसगढ़ में सैकड़ों की संख्या में प्रीमियम शराब की दुकान खोल रही थी। इन्ही वादाखिलाफी के कारण जब जनता ने इनकी सरकार को सत्ता से बेदखल कर दिया तब इनकी नींद खुली क्या अब इनकी कान से रुई निकली और अब जनता को बरगलाकर ओछी राजनीति करने लग गए है। जनता में इतनी पावर है कि वो खुद ही अपने हर समस्या का हल करने में सक्षम है उन्हें कांग्रेसियों की तरह दोगलो की आवश्यकता नही है इन मामलों में कांग्रेसी राजनीति न करें। भाजपा सरकार एव दुर्ग सांसद विजय बघेल के प्रयास ने जिस प्रकार से अमलेश्वर में खुलने वाले शराब दुकान को बंद करवा कर हल निकाल दिया है, वैसे ही असोगा में खुलने वाले शराब दुकान का भी हल निकाल ही लेंगे।

## रिफेक्ट्री मटेरियल प्लांट में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन

**भिलाई, 6 अक्टूबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के रिफेक्ट्री मटेरियल प्लांट-2 विभाग में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक प्रभारी रतन कुमार मुखर्जी ने स्वच्छता अभियान का नेतृत्व करते हुए विभाग के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिकों को स्वच्छता हेतु शपथ दिलाई। तत्पश्चात रिफेक्ट्री मटेरियल प्लांट-2 परिसर में विभागीय कर्मचारियों के साथ मिलकर सामूहिक रूप से श्रमदान किया।




# डोंगरगढ़ पदयात्रियों की सुविधा के लिए नियमित सफाई अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 6 अक्टूबर।** शरद नवरात्रि में डोंगरगढ़ बम्लेश्वरी माता के लिए पदयात्री पैदल ही निकलते हैं। उसको देखते हुए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त बजरंग दुबे के निर्देशानुसार जिस मार्ग से पदयात्रि जा रहे हैं वहां पर सफाई व्यवस्था को व्यवस्थित की जा रही है। रोज वहां पर नियमित झाड़ू लग रहा है, आवश्यकतानुसार पानी का छिड़काव भी किया जा रहा है। जिससे पैदल यात्रियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। सब आराम से दर्शन कर सकें । इसके साथ ही नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के सभी दुर्गा पंडालों की साफ-सफाई एवं आवश्यकतानुसार धुलाई के लिए अलग से कर्मचारी नियुक्त किये हैं। जो प्रतिदिन जाकर साफ-सफाई करते हैं। आवश्यकतानुसार पंडाल की चौतरफा धुलाई भी की जा रही है। विधायक एवं महापौर ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए आप अपनी पदयात्रा पूर्ण करें। नगर निगम का पूरा प्रयास है, आप को किसी प्रकार की तकलीफ न हो। शहर में भी दर्शन करने वाले लोग यातायात नियमों का पालन करें। नगर निगम भिलाई के द्वारा डबरापारा खुर्सीपार, चंद्रा मोर्या टाकिज, सुपेला घड़ी चौक, नेहरू नगर चौक होते हुए बटालियन तक सफाई व्यवस्था सुदृढ़ किया गया है। डस्टबिन की भी व्यवस्था किया गया है, उसी में कचरा फेकना है, इधर-उधर न फेंके। इस कार्यवाही में जोन के स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, विरेन्द्र बंजारे, अंकित सक्सेना की ड्यूटी लगाई गई है। जिन्हें अपने अपने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था करनी है। इसक उद्देश्य यही है कि नवरात्रि पर्व पर किसी प्रकार का असुविधा न हो।




## बाबा दरबार धनोरा में 7 को पंचमी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई 6 अक्टूबर।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में 7 ता सोमवार को पंचमी सिंगार मनाया जाएगा दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी ने बताया कि पंचमी के दिन सुबह से ही भक्तों की इस दरबार में ताता लगा रहता है भकत लोग पुजा पाठ करने के लिए खीर पुड़ी चना की सब्जी बना कर एवं पान फुल सिगार लाकर मता जी को चढ़ हाकर अपने घर परिवार के लिए खुशहाली के लिए माता रानी से प्राथना करते हैं एवं रात्रि में जोत जंवारा मे पुजा पाठ करके दरबार के नंद पंडा भोलू साहू मनोज पटेल के द्वारा कलश चढ़ हायाजाता हैं एवं माता रानी को सिंगार चढ़ाकर सभी भक्तों की मनोकामना के लिए माता रानी से प्राथना करते हैं इस दरबार में कुंवार चैत्र नवरात्रि पर्व मे देश विदेश के भक्तों के द्वारा मनोकामना पूर्ति हेतु ज्योति जलवाया जाता है इस बार इस दरबार में कनाडा विदेश अमेरिका हरियाणा महाराष्ट्र बलिया उत्तरप्रदेश एमपी उड़िसा राजधानी रायपुर राजनांदगांव धमतरी बालोद बेमेतरा दुर्ग भिलाई एवं अन्य जिलो के भक्तों द्वारा 186 मनोकामनाएं ज्योति प्रज्वलित किया गया है माता रानी के दर्शन करने के लिए हर रोज सुबह शाम भकतो का यहां रेला लगा रहता है एवं रात्रि में हेमंत तेली भजन एवं जस गायक एवं गुलाब साहू जी के मंडली द्वारा माता सेवा की प्रस्तुति रात्रि 7 बजे से 10 बजे तक चलता रहता है इस दरबार में निरंतर अपनी सेवा दे रहे हैं नंद पंडा जी मनोज पटेल कुंज लाल साहू भोलू साहू चीन्टू साहू विनोद साहू मनसुखा साहू बबलू साहू जीवराखन ठेकेदार ओमकार साहू गज्जू रायपुरिया योगेश साहू दिनेश साहू राजू यादव आदि भकत गण यह जानकारी दरबार प्रति निधी चंद्र कांत कोसरे जी एवं कुंज लाल साहू जी ने दी।



## सराफा व्यापारी से ठगी करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई 6 अक्टूबर।** साली के लिए उधार में आभूषण खरीदने के नाम पर शातिर विवेक शर्मा ने सराफा कारोबारी हेमंत कुमार सोनी को 18 लाख 71 हजार 282 रुपये का चूना लगाया आरोपित ने जेवर लेने के बाद दुकानदार को चार चेक दिए लेकिन किसी भी खाते में रुपये नहीं थे आरोपित ने दुकान में काम करने वाले भीखम यादव से पहचान का फायदा उठाकर ठगी की थी घटना की शिकायत पर पुलिस ने शनिवार को आरोपित आरोपित के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत की धाराओं के तहत प्राथमिकी कर गिरफ्तार किया है नेवई टीआई आनंद शुक्ला ने बताया कि दया नगर रिसाली निवासी शिकायतकर्ता हेमंत की रिसाली बस्ती में ज्वेलरी की दुकान है। उसकी दुकान में इस्पात नगर रिसाली निवासी भीखम यादव (26 साल) काम करता है। शांति नगर कोहका निवासी विवेक शर्मा (32 साल) भीखम का परिचित था वह 17 मई 2024 को साली के लिए जेवर खरीदने के लिए पीड़ित की दुकान पहुंचा। आरोपित ने खुद को मंत्रालय का कर्मचारी बताया था। उसने कुल 18 लाख 71 हजार 282 रुपये के जेवर खरीदे। खुद को भीखम का परिचित बताते हुए उधार में जेवर मांगे। इसके बाद उसने फिर से अलग- अलग चेक भरकर दिए, लेकिन खाते में पर्याप्त राशि न होने से वे सभी चेक बाउंस हो गए तब पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ इसके बाद उसने नेवई थाना में शिकायत की पुलिस की पूछताछ की तो पता चला कि आरोपित मंत्रालय में काम नहीं करता है वह पूर्व में क्रेडा विभाग में प्लेसमेंट एजेंसी के अधीन काम करता था आरोपित ने साली के लिए उधार में खरीदे थे जेवर, बदले में खाली खातों का दिया था चेक दुकान में काम करने वाले कर्मचारी से पहचान का फायदा उठाकर पीड़ित से की थी ठगी।



# निगम कर्मचारी टैक्स वसूली करने घर-घर जाएंगे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रिसाली 6 अक्टूबर।** टैक्स कलेक्शन को लेकर नगर पालिक निगम रिसाली गंभीर है। निगम कर्मचारी टैक्स वसूली करने घर-घर दस्तक देंगे। आयुक्त मोनिका वर्मा ने कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दी। टैक्स वसूली का कार्य सोमवार से आरंभ होगा। उल्लेखनीय है कि 6 माह बीतने के बाद लक्ष्य के अनुरूप टैक्स वसूली नहीं हो पाई है। यही वजह है कि निगम ने घर-घर जाकर निगम कोष को बढ़ाने कार्य योजना तैयार की है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने प्रशिक्षण के दौरान कहा कि सोमवार से कर्मचारी फिल्ड में रहकर टैक्स वसूली कार्य करेंगे। कर्मचारी बकायादारों से राशि लेकर सीधे निगम के खजाने में जमा करेंगे। इस दौरान सहायक अभियंता एम.पी. देवांगन, राजस्व विभाग के नोडल जयंत शर्मा, राजस्व विभाग के प्रभारी अधिकारी रवि श्रीवास्तव, राजस्व विभाग के टिकेन्द्र वर्मा उपस्थित थे। कर्मचारी टैक्स वसूली करने घर-घर पहुंचेंगे। इस बात की मॉनिटरिंग वार्ड प्रभारी करेंगे। लक्ष्य के अनुरूप कर संग्रहण नहीं होने पर वार्ड प्रभारी की जवाब देही होगी।



# विधायक रिकेश की एक और घोषणा पूरी स्कूलों में पहुंची सेनेटरी नैपकिन मशीन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई नगर, 6 अक्टूबर।** शारदीय नवरात्रि पर वैशाली नगर विधानसभा के लिए विधायक रिकेश सेन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर की गई एक और घोषणा आज पूरी हुई है। आपको बता दें कि वैशाली नगर विधानसभा की सभी 16 शासकीय स्कूल जहां छात्राएं अध्ययनरत हैं वहां निःशुल्क सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन प्रदान की जा रही है ताकि मासिक धर्म स्वच्छता उत्पादों तक सुविधाजनक पहुँच प्रदान कर युवा महिलाओं को सशक्त बनाने, कलंक को तोड़ने और लैंगिक समानता को बढ़ावा मिले। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि स्कूलों में सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन लगाने से मासिक धर्म वाली छात्राओं की मुख्य चिंताओं को दूर करके अनुपस्थिति और स्कूल छोड़ने की दर को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा सकती है। सेन ने बताया कि महिला दिवस के दिन सबसे बड़ी घोषणा वैशाली नगर विधानसभा की हमारी बहनों और बच्चियों के लिए मैंने की थी। सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन की पहल के लिए रोटरी क्लब आफ भिलाई ग्रेटर के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल से मुलाकात के दौरान चर्चा हुई और उनकी टीम ने मशीनों की जिम्मेदारी लेते हुए आज 16 मशीनें उपलब्ध करवाई हैं जिन्हें वैशाली नगर विधानसभा की शासकीय स्कूलों में नवरात्रि के अवसर पर जब हम सभी माता और कन्याओं की पूजा करते हैं, इंस्टॉल किया जा रहा है।



### खाने के तेल के बढ़ते दाम से व्यापारी और किसान चिंतित

**कवर्धा 6 सितंबर।** ढोंगाई टोला गांव के किसान तिलक राम साहू ने दर्द भरे में लहजे में कहा की त्योहार का समय है पूजा में रिफाइन तेल काम आता है लेकिन इतना महंगा हो गया है वही बिजनेसमैन चंद्रशेखर चंद्रवंशी ने कहा की आखिर यह क्या हो गया है प्याज , अदरक , लहसुन , मोबाइल रिचार्ज , रिफाइन तेल के दाम बढ़ गए है दुकान में ग्राहक नही आ रहे है आखिर स्टाफ का पेमेंट कैसे करेंगे और बच्चे की फीस भी बहुत ज्यादा है सरकार से इतना ही अपेक्षा है की फ्री की नीति बंद करे और महंगाई को कम करके महिलाओ सहित सभी परिवार में खुशी की सौगात दे ।



## समाचार संक्षेप

### हरीतिमा टीम के सदस्यों ने नशा मुक्ति अभियान का संदेश दिया



**कवर्धा 6 अक्टूबर।** सुबह सुबह हरितीमा टीम के सदस्यों ने नशा मुक्ति अभियान का संदेश देते हुए कहा की सार्वजनिक स्थानों में सिगरेट , बीड़ी नही पीना चाहिए क्योंकि महिलाए सहित परिवार चाय पीने आते है और वहां ग्राहकों के द्वारा सिगरेट पीने से महिलाओ और उपवास करने वालो को दिक्कत होती है । अधिकतर चाय बेचने वाले दुकानों में सिगरेट जैसे नशा पेय पदार्थ का बिकना चिंता जनक है । युवाओं को समझना भी चाहिए की , सिगरेट पीने से कैंसर , स्ट्रोक , दिल का दौरा और फेफड़ों की बीमारी का भी खतरा होता है इसलिए नशा जैसी कुरीतियों से दूर रहना चाहिए ।

### कवर्धा नगर पालिका में सुबह होती है स्वच्छता

**कवर्धा 6 अक्टूबर।** सुबह 5 बजे से ही कवर्धा शहर में सड़को में साफ सफाई करने में व्यस्त देखे जाते है । ऐसा देखकर कहा जा सकता है की कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक और सीएमओ रोहित साहू के मार्गदर्शन में नगर पालिका साफ सफाई को लेकर गंभीर है । कार्यपालन अभियंता एम एल कुर्रे ने स्वच्छता अभियान के सवाल पर उन्होंने कहा की अध्यक्ष और सीएमओ के मार्ग दर्शन में कवर्धा में बेहतर सफाई हो रही है । दुकानदारों और लोगो से विनम्र अपील है की कचड़ा डस्टबीन में ही डाले ।



### शार्ट सर्किट होने से चर्च परिसर में लगी आग

**भिलाई 6 अक्टूबर।** क्रिश्चयन सेक्टर-6 में शार्ट सर्किट होने से चर्च परिसर में आग लग गई सूचना पर तुरंत फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। इसके बाद घंटे भर की मशक्कत कर आग पर काबू पाया गया मिली जानकारी के मुताबिक सेक्टर-6 स्थित क्रिश्चयन चर्च में शार्टसर्किट हो गया आग लगने से हड़कंप मच गया आग को किसी तरह बुझाया गया बड़ा हादसा होते बच गया। सूचना के बाद मौके पर पुलिस भी पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक जानकारी के बाद शार्ट सर्किट की वजह से हादसा होने की बात कहीं है मामले में जांच की जा रही है।



### बीएसपी में क्विज प्रतियोगिता के विजेता हुए सम्मानित

**भिलाई, 6 अक्टूबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के एचआर-एल एंड डी विभाग ने सितंबर-अक्टूबर 2024 में आयोजित 25वीं एआईएमए राष्ट्रीय प्रबंधन क्विज में 5 टीमों को स्पॉन्सर किया है। क्विज प्रतियोगिता में विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (पीएसयू) और निजी क्षेत्र की कुल 125 से अधिक टीमों ने भाग लिया था। सहायक महाप्रबंधक उमेश माल्यथ और वरिष्ठ प्रबंधक निवेश विजन ने मेगा एचआर क्विज में प्रथम रनर-अप और उप प्रबंधक सुश्री सुष्मिता पाटला व उप प्रबंधक सुश्री शालिनी चौरसिया की टीम ने द्वितीय रनर अप का स्थान प्राप्त किया। विजेता टीमों ने भिलाई आकर कार्यपालक निदेशक पवन कुमार को विजेता ट्रॉफी सौंपी।



### राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह आयोजित

**भिलाई, 6 अक्टूबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के राजभाषा विभाग द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र में वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार थे। इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार के साथ कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक डॉ अशोक कुमार पंडा, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक बी के गिरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार मंचासीन थे। मुख्य अतिथि अंजनी कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र अपने राष्ट्रीय दायित्वों की पूर्ति की दिशा में सदैव ही प्रतिबद्ध रहा है। महाप्रबंधक सौमिक डे ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। सर्वश्रेष्ठ हिंदी समन्वय अधिकारी का सम्मान सहायक महाप्रबंधक सुश्री स्मिता जैन को प्रदान किया गया।



## एक नजर

### महंगाई से डबल इंजन सरकार के खिलाफ गुस्से से उबल रहे लोग: सूर्यकांत जैन



**राजनांदगांव 6 अक्टूबर।** राजनंदगांव शहर कांग्रेस कमेटी दक्षिण ब्लॉक के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने अपने एक जारी बयान में कहा कि सरकार द्वारा मुफ्त चावल का भात खाकर और मुफ्त का नमक चाट कर ही जिंदा रहना पड़ेगा। ऐसी नौबत आ गई है ऐसा इसलिए कहा जा रहा है। कि दाल सब्जी तेल मसाले आदि रोजमर्रे की जरूरत की चीज दिनों दिन महंगी से और महंगी होती जा रही है। डीजल पेट्रोल मिट्टी तेल रसोई गैस इन सब की कीमतें भी आसमान छू रही है। ऐसी स्थिति में आम आदमी करें तो क्या करे खुद का और परिवार का भरण पोषण करने के लिए भीषण संघर्ष करते हुए सोचना पड़ रहा है। श्री जैन ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के विष्णुदेव साय नीत भजपा सरकार और केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीत राजग सरकार यह दोनों ही बाजार में अवश्यक वस्तुओं की कीमतों के नियंत्रण में असफल साबित हुई है। आम आदमी के मन इतना गुस्सा भर गया है। कि वह भीषण महंगाई के लिए डबल इंजन की सरकार को कोस रहे हैं। उदाहरण के लिए लहसुन और पत्ता धनिया 400 रुपये किलो प्याज 70 रुपये किलो हो गया है। कुछ दिन पहले खाद्य तेल 1650 रुपए तीन था वह 1900 हो गया है।

### नाबालिग लड़की से स्कूल के अंदर छेड़खानी करना आरोपी को पड़ा महगा



**डोंगरगांव 6 अक्टूबर।** 4 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव उपेन्द्र कुमार के नेतृत्व मे थाना डोंगरगांव क्षेत्रों मे जुआ , शराब ,चोरी के गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखते हुये दिनांक 02.10.2024 को प्रार्थिया ने थाना हाजिर अपने नाबालिक बेटी के साथ किसी बाहरी लड़के के द्वारा स्कूल के अंदर घुस कर छेड़खानी करने पर मना करने से आरोपी के द्वारा गाली गलौच कर जान से माने की धमकी देने की रिपोर्ट करने पर अप0धारा- 296 , 351(2),74 ,75 (1)(ढ्ढ) (ढ्ढढ्ढ) ,333 क्चहृस् 8 पोक्सो एक्ट कायम कर विवेचना मे लिया गया । विवेचना के दौरान घटना की जांच कर आरोपी की पता तलाश कर आज दिनांक 03.10.2024 को आरोपी को गिर0 की कानुनी मंशा से अवगत कराकर , गिर0 किया गया , गिर0 की सूचना पजिन को दी गई है । आरोपी भूपेन्द्र यदू पिता स्व0 श्री संतोष यदु , उम्र - 23 साल, पता - ग्राम गोड़री ,थाना डोंगरगांव , जिला राजनांदगावं , छ0ग0 को ज्युडिशियल रिमांड पर 04.10.240 को जेल भेजा गया है । थाना डोंगरगांव पुलिस की विवेचना कार्यवाही सराहनीय रही है।

### धामनसरा में लगेगा कैम्प व गोद ग्राम होगा शुभारंभ



**राजनांदगांव 6 अक्टूबर।** समीपस्थल ग्राम धामनसरा में पंडित शिव कुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय सुरगी द्वारा 7 अक्टूबर अकटुबर से कृषि एवं उद्यानिकी विभाग से गोद ग्राम शुभारंभ किया जाएगा तथा शीतकालीन सत्र में विद्यालय द्वारा कैम्प शिविर आयोजन किया जाएगा डां लिमजे डां मनोज कुमार चंदाकर ने धामनसरा पंचायत तथा उच्च माध्यमिक विद्यालय अन्य भवन अवलोकन किया साथ में प्राचार्य अजय मसीह महामंत्री जिला किसान कांग्रेस राजनांदगांव योगेन्द्र दास वैष्णव सरपंच लोकेश कुमार गंगवीर उपसरपंच कृत लाल पटेल पूर्व उपसरपंच चुम्मन निषाद किसान मितान सोमनाथ पटेल ने बताया कि कृषि आधारित ग्राम धामनसरा में धान के अलावा सब्जी खेती करते हैं जो कि किसानों को मार्गदर्शन भी मिलेगा तथा विद्यार्थियों को जानने और सीखने अवसर मिलेगा।

# नगर के विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से करें काम, मिलेगी सफलता: विक्रांत सिंह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**खैरागढ़ 6 अक्टूबर।** नगर पालिका परिषद खैरागढ़ में नवनियुक्त नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गिरजा चन्द्राकर के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित हुए कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम शपथ ग्रहण समारोह में अनुविभागीय अधिकारी टँकेश्वर प्रसाद साहू ने नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष श्रीमती गिरजा चन्द्राकर को विधिवत शपथ दिलाई ततपश्चात कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विक्रांत सिंह ने कहा कि नगर पालिका परिषद के आने वाले दो साल में नगर की जनता बहुत ही उम्मीद लगाए हुए है उसमें योजनाबद्ध तरीके से सभी को मिलकर काम करना होगा श्री सिंह ने अपने नगर पालिका के दौरान किये गए कुछ कार्यो को उदाहरण देते हुए बताया कि खैरागढ़ में पहले गर्मी के दिनों में नदिया सुख जाती थी वही ईतवारी बाजार में सकरी रोड में चलना मुश्किल हो जाता था साथ ही हाट बाजार नही होने से गोलबाजार में जाम लगा रहता था इन सभी के व्यवस्थित होने में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि नदियों में स्टापडेम का निर्माण हुआ वही सड़के चौड़ी हुई अटल उद्यान व हाटबाजार का निर्माण किया गया साथ ही बड़े बड़े सांस्कृतिक भवन भी बनाये गए इसी तरह अब खैरागढ़ जिला बन चुका है अब नए सिरे से आने वाले दो साल में शहर के विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करना है श्री सिंह ने कहा कि आडिटोरियम का निर्माण जरूरी है व शहर की खूबसूरती के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा इसी कड़ी में जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल के दौरान नगरपालिका में कोई बड़ा विकास नही हुआ जबकि खैरागढ़ नगरपालिका में जिपं. उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के कार्यकाल के दौरान बेहतरीन काम हुआ है कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता टीके चंदेल ने कहा कि आने वाले दो साल में सभी एकजुट होकर नगर के विकास में अपना योगदान देने का अनुरोध किया इसी कड़ी में सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह ने नवनियुक्त नगर पालिका अध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि आने वाला दो वर्ष चुनौतीपूर्ण है जिसमे नगर के विकास के लिए नई अभिलाषा के साथ काम करना होगा क्योंकि खैरागढ़ अब जिला बन चुका है जिसमे नगर के विकसित करने के लिए सभी को योजनाबद्ध तरीके से काम करना होगा कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता ज्ञानदास बंजारे ने किया इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री रामाधार रजक, अनिल अग्रवाल, रज्जाक खान, नीलिमा गोस्वामी, कीर्ति वर्मा, विकेश गुप्ता, विनय देवांगन, रूपेंद्र रजक, अजय जैन, शैलेन्द्र वर्मा, सुमित टांडिया, देविन बाई कोठले, नंद चन्द्राकर, कमलेश कोठले, आलोक श्रीवास, पुरुषोत्तम वर्मा, आयश सिंह, मोनिका रजक, महेश गिरी, गणेश वर्मा, हेमिन बाई लाउत्रे, लीमेश्वरी साहू, सुमन पटेल सहित नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित थे।

# नाबालिग बालिका को भगाकर दुष्कर्म करने वाला पुलिस के हत्थे चढ़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**डोंगरगढ़/मोहारा 6 अक्टूबर।** नाबालिक लड़की को बहला फुसला कर अपने साथ ले जाकर नाबालिक लड़की से बालात्कार करने वाले आरोपी अजय वर्मा को मोहारा पुलिस ने पकड़ने में सफलता प्राप्त की है! पुलिस से मिले प्रेस नोट में बताया गया है कि चौकी मोहारा क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी द्वारा 19 सितम्बर 2024 को पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि उसकी नाबालिक लड़की उम्र 17 साल 3 माह को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले गया है जिसकी रिपोर्ट पर पुलिस चौकी मोहारा में अपराध क्रमांक 501/ 24 धारा 137(2) बी एन एस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया व मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस डोंगरगढ आशीष कुंजाम के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ के नेतृत्व में अपहृत नाबालिक बालिका एवं अज्ञात आरोपी की पतासाजी की जा रही थी कि मुखबीर की सूचना पर आरोपी नाबालिक पीड़िता को हैदराबाद क्षेत्र अंतर्गत रखने की जानकारी मिलने पर तत्काल टीम रवाना किया गया व नाबालिक बालिका को आरोपी जगदेव वर्मा पिता कन्हैया वर्मा उम्र 24 साल साकिन रेंगाकठेरा के कब्जे से बरामद किया गया। आरोपी द्वारा नाबालिक बालिका को वैध संरक्षण से भगाकर ले जाने एवं जबरन शारीरिक संबंध बनाना स्वीकार करने से प्रकरण में धारा 64(2)( ड)बीएनएस 4, 6 पाक्सो एक्ट जोड़ी गई तथा घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन क्रमांक ष्द्ग07 क्च्रु3897 जप्त कर चालक सहयोग करने वाले आरोपी अजय वर्मा पिता भागवत प्रसाद वर्मा उम्र 22 साल निवासी, झंडा तालाब को गिरफ्तार कर आरोपीगण को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी मोहारा ढाल सिंह साहू, प्रधान आरक्षक महादेव साहू, महिला आरक्षक सुषमा,आरक्षक ऋषि दास मानिकपुरी मनीराम ठाकुर मनीष सोनकर ,1808 राजाराम बारले की सराहनीय भूमिका रही।

# शारदीय नवरात्रि पर स्कूली बच्चों व परिजनों को कराया न्यौता भोज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 6 अक्टूबर।** नगर के वार्ड नंबर 8 स्थित माध्यमिक व प्राथमिक शाला नंबर 3 में वार्ड पार्षद के द्वारा न्यौता भोज का आयोजन किया है जिसमें स्कूली बच्चों के अलावा उनके परिजनों को भी सम्मान न्यौता भेज कर स्कूल परिसर में भोजन कराया गया जिसमें दाल,चावल ,खीर ,पूरी ,सब्जी ,पापड़ आचार सहित सभी प्रकार के व्यंजन शामिल थे । शहर में पहली बार इस प्रकार के आयोजन होने से स्कूली बच्चों के परिजनों के साथ -साथ वार्ड में काफी उत्साह देखने को मिला है । इसी कड़ी में पार्षद व शाला परिवार द्वारा स्कूल में स्वच्छता अभियान भी चला कर जनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया है । वार्ड की पार्षद अलका जयेस सहारे ने चर्चा में बताया कि बच्चे जो कि देश का भविष्य है उन्हे स्कूल में बेहतर शिक्षा के साथ-साथ स्कूल आने में उनकी रुचि बढ़े इस उद्देश्य से उन्हें न्यौता भोज करा कर प्रोत्साहित किया गया । इस आयोजन में स्कूली बच्चे व उनके परिजनों को शामिल करके स्कूल में एक बेहतर वातावरण बनाने की अपील की गई। इस अवसर पर मिडिल शाला प्रभारी प्राचार्य विभा सिंह ,शिक्षक सी एच रानी, मीणा पड़वार, गीता चंद्रवंशी प्रधान पाठक प्राथमिक स्कूल ,आंगनबाड़ी से वंदना मेश्राम सहित शाला व आंगनबाड़ी के बच्चे एव परिजन उपस्थित थे ।





### गैंदाटोला में 7 को निकलेगी महाकाली झांकी

**छुरिया 6 अक्टूबर।** नवरात्रि के पावन पर्व में पंचमी के उपलक्ष्य में ग्राम के सरपंच अल्फिया हनीफ कुरैशी के द्वारा भव्य महाकाली झांकी का आयोजन रखा गया है भव्य महाकाली झांकी पंचमी के दिन दोपहर 1 बजे से मां शीतला देवी मंदिर से पूजा अर्चना कर प्रारंभ होगी,बाजार चौक,दुर्गा मंदिर पानी टंकी चौक होते हुए मिडिल स्कूल मैदान में स्थाई कार्यक्रम किया जायेगा भव्य महाकाली झांकी को लेकर ग्राम के एवं आस पास क्षेत्र के लोगो में अपार उत्सव उत्साह देखा जा रहा हैं साथ ही जय मां दुर्गा मनोकामना देवी मंदिर समिति के सदस्य डॉ.प्रकाश शर्मा,राजू राजपूत, महेश गुप्ता,कमल गुप्ता, भीखम देवांगन भूपेन्द्र अग्रवाल,खलील कुरैशी,अफजल कुरैशी, वसीम कुरैशी के द्वारा दुर्गा मंदिर के पास भगवान श्री रामचंद्र जी के वनवास की करुण गाथा का स्थल झांकी के रूप में प्रदर्शित हो रहा है एवं 6 से 11 तारीख तक रात्रि में वेलिनटीनो डांस ग्रुप राजनादगांव वालों का गरबा नृत्य का भी आयोजन रखा गया है इस कार्यक्रम की जानकारी भूपेन्द्र निर्मलकर के द्वारा दिया गया है।

# शिविर में लोगों को योजनाओं से किया गया लाभान्वित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 6 अक्टूबर।** राज्य शासन की मंशा के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा गांव के अंतिम व्यक्ति को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए जिले के डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम चिद्दों में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिविर में गर्भवती माताओं की गोद भराई के लिए सुपोषण किट प्रदान किया गया तथा नन्हे बच्चों का अन्न-प्राशन्न किया गया। शिविर में विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल में शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी दी गई। शिविर में हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया। शिविर में परिवहन विभाग द्वारा लर्निंग लायसेंस, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाया गया। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में सिकल सेल, टीबी, शुगर, खून जांच ब्लड प्रेशर जांच किया गया तथा निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। आयुर्वेद विभाग के स्टॉल में ब्लड प्रेशर, स्त्री रोग के संबंध में जानकारी प्रदान की गई और आयुर्वेद दवाईयों का वितरण किया गया। शिविर में जिला स्तरीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग में शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, उद्यानिकी विभाग, खाद्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, समाज कल्याण विभाग, क्रेडा, विद्युत, पशु चिकित्सा, उद्योग, खादी ग्रामोद्योग, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, पुलिस, श्रम विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जल संसाधन विभाग, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, लोक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग और परिवहन विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर जनसामान्य को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई और योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### नवरात्र के पहले, दूसरे व तीसरे दिन ही विघुत आपूर्ति रही ठप

**डोंगरगढ़ 6 अक्टूबर।** क्वांर नवरात्र के पहले दूसरे व तीसरे दिन भी नगर के कई स्थानों पर घंटो तक बिजली आपूर्ति ठप्प पड़ जाने से बिजली विभाग पर कई प्रकार के सवाल उठने लगे है! नवरात्र के पूर्व विभाग के द्वारा मेंटेनेंस के नाम पर कई स्थानों पर विधुत आपूर्ति अलग अलग दिन को सुधार एवं मरम्मत कार्य करवाये जाने का दावा किया गया था और जिले के कलेक्टर संजय अग्रवाल के द्वारा नवरात्र के दौरान विधुत आपूर्ति की व्यवस्था कहीं प्रभावित ना हो जिसके बाद भी नवरात्र के प्रारंभ के पहले दूसरे और तीसरे दिन भी कई वार्ड से लेकर पदयात्री मार्ग से लेकर मेला प्रांगण के कुछ क्षेत्रों में घण्टो तक बिजली आपूर्ति ठप्प पड़ गई थी! वहीं नवरात्रि के तीसरे दिन भी सुबह से लेकर दोपहर तक बिजली की आँख मिचौली चलती रही, अच्छा यह रहा कि बिजली आपूर्ति ठप्प के दौरान कोई बड़ी दुर्घटना घटने की सूचना तो नहीं है परंतु क्वाँर नवरात्र पर्व के शुरूआत के साथ ही विघुत विभाग का मेंटेनेंस का पोल खोल के रख दिया है! ज्ञात हो कि क्वाँर नवरात्र पर्व के दौरान विघुत विभाग के द्वारा कई लाख रू खर्च कर मेंटेनेंस किया गया जिसके बाद भी नवरात्र के शुरूआती दौर में ही विघुत आपूर्ति की आँख मिचौली विघुत विभाग की पोल खोल के रख दिया है तो दूसरी ओर नवरात्र के दौरान कोई बड़ी घटना घट जाए तो आश्चर्य नहीं होगा! इस मामले को लेकर विघुत विभाग के शहरी क्षेत्र के जेई श्री ठाकुर ने बताया कि इंडस्ट्रीयल एरिया फीडर में वायर लुज हो जाने के कारण विघुत आपूर्ति बाधित हुई थी जिसे शिकायत के बाद सुधार कर लिया गया है! वहीं इस मामले में ग्रामीण क्षेत्र के जेई अनुराग कोर्राम से चर्चा करने पर बताया कि कहीं पर वायर लूज हो जाने से आपूर्ति ठप्प हुआ होगा जिसको सुधार करने का कार्य तेज कर दिया गया है!

### नवरात्रि झांकी का आयोजन



**नगरी/सांकरा 6 अक्टूबर।** शारदीय नवरात्रि के इस पावन अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय नगरी के तत्वाधान में ग्राम सांकरा के गांधी चौक दुर्गा स्थल में नवरात्रि झांकी का आयोजन किया गया द्य जिसके प्रथम दिवस में जीती जागती चैतन्य देवियों की झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र बनी रही साथ ही ज्ञान ज्योति कला केंद्र के बहनों के द्वारा आकर्षक गरबा नृत्य ने सब का मन मोह लिया । झांकी देखने श्रद्धालुओं की हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी जिसमें बहनों द्वारा दुर्गा माता, सरस्वती माता, उमा देवी, लक्ष्मी माता, गायत्री माता तथा काली माता के रूप में जीवंत झांकी प्रस्तुत किया गया द्य कार्यक्रम की शुरुआत शिव जी की मूर्ति पर माल्यार्पण करके दीप प्रज्वलन किया गया तथा देवी की स्तुति की गईद्य तत्पश्चात अतिथियों में मुख्य रूप से श्री राजेश्वर सिंह अध्यक्ष दुर्गा समिति, श्री अमृतलाल साहू संरक्षक, श्री भीखम साहू संरक्षक, श्री पारस कुमार साहू उपसरपंच, श्री गिरधारी साहू संचालक पेट्रोल पंप सांकरा, नीरज कुमार साहू, श्रीमती पुष्पा बाई साहू, शिवबती आदि शामिल हुएद्य ब्रह्माकुमारियों ने अतिथियों को ईश्वरीय सौगात भेंट की उसके पश्चात राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी भावना बहन ने अपने दिव्य उद्बोधन में सर्वप्रथम सभी श्रद्धालुओं को नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित की और चैतन्य देवियों की झांकी पर प्रकाश डालते हुए कहा प्रत्येक देवी का अपना एक विशेष महत्व है जैसे आसुरी संस्कार, दुर्गुणों आदि के विनाश के लिए काली के पास जाते हैं धन, ऐश्वर्य के लिए माता लक्ष्मी का आह्वान करते हैं, ज्ञान, बुद्धि के लिए माता सरस्वती की आराधना करते हैं, जीवन में उमंग व खुशी के लिए उमा देवी की स्तुति करते हैं और सर्वशक्तियों की प्राप्ति के लिए हम मां दुर्गा की उपासना करते हैं और इन सभी देवियों की शक्तियों का स्रोत स्वयं परमात्मा है जिससे सर्व शक्तियों की प्राप्ति होती है परमपिता शिव परमात्मा से जुड़कर हम भी सारी शक्तियों को अपने जीवन में धारण कर सकते हैं उन्होंने आगे कहा भारत वर्ष में दो ही त्यौहार में रात्रि शब्द आता है एक शिवरात्रि दूसरा नवरात्रि द्य शिव परमात्मा के अवतरित होने पर हम शिवरात्रि मनाते हैं तथा परमात्मा द्वारा संसार को पावन सुखमय बनाने की सारी गुण व शक्तियों को भरने के लिए नवरात्रि मनाते हैं अंत में सभी श्रद्धालुओ को अध्यात्म से जुड़ने के लिए ब्रह्माकुमारीज ओम शांति सेंटर नगरी में आने का न्योता दिया ।

# एलआईसी ने किया शिक्षकों का सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छूरिया 6 अक्टूबर।** अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस के शुभअवसर पर स्थानीय जनपद पंचायत के सभागार में आज ब्लाक स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह सह स्नेह सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय श्रीमान आसीस दुबे जी, मैनेजर सीएलआईए, एलआईसी आफ इंडिया रायपुर, श्रीमान चेतन चन्द्री जी, डीएम, सीएलआईए, एलआईसी आफ इंडिया रायपुर, माननीय श्रीमान सुनीत कुमार सिंग चीफ ब्रांच मैनेजर, माननीय श्रीमान संदीप कुमार जैन जी, एसबीए, एलआईसी आफ इंडिया राजनांदगांव सभी संयुक्त रूप से थे। अध्यक्षता विकासखंड शिक्षाधिकारी माननीय श्रीमान प्रशांत चिरवर्तकर एवं विकासखंड श्रोत समन्वयक माननीय श्रीमान प्रहलाद साहू ने किया। विशेष अतिथि के रूप में स्थानीय हायर सेकेंड्री स्कूल के प्राचार्य एचके खिलारी, आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य धनेश कुमार सिन्हा, छत्तीसगढ़ प्रधान पाठक मंच के प्रांताध्यक्ष जाकेश साहू, ब्लाक अध्यक्ष कोमल सिंह गुरु, छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन के ब्लाक अध्यक्ष कीरत कुमार गणवीर, आजाक्स के ब्लाक अध्यक्ष राजेंद्र लाडेकर, छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र साहू, नियमित शिक्षक के विभिन्न संगठनों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण मिलाप दास साहू, भूषण वाडेकर, हेमंत सलामे, सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे। उक्त आयोजन भारतीय जीवन बीमा निगम अभिकर्ता पूना राम सिन्हा एवं दीपक सिन्हा द्वारा छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन के माध्यम से किया गया। सम्मान समारोह में विकासखंड से विभिन्न हाई/हायर सेकेंड्री/मिडिल/प्राथमिक स्कूलों के प्राचार्य/प्रभारी/प्रधान पाठक एवं शिक्षक/शिक्षिकाएँ पहुंचे थे। विकासखंड के विभिन्न सेवानिवृत शिक्षको एवं शिक्षिकाओं को कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम के आयोजक भारतीय जीवन बीमा निगम के पूना राम सिन्हा एवं दीपक कुमार सिन्हा के द्वारा आयोजन में पधारे सेवा निवृत शिक्षको का शाल व श्रीफल भेंट कर तथा मोमेंटो गिफ्ट कर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का मोमेंट व पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में एलआईसी आफ इंडिया के पूना राम सिन्हा एवं दीपक सिन्हा द्वारा समस्त अतिथियों के लिए दोपहर के भोजन की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम का संचालन ब्लाक अध्यक्ष कीरत कुमार गणवीर ने किया। आभार प्रदर्शन दीपक कुमार सिन्हा ने किया।

उक्त कार्यक्रम में कार्तिक राम घृतलहरे, देवनारायण साहू, श्रीमती रीना जगनित, गजेंद्र बघेल, धननाथ मरकाम, राजेश नेताम, संभू राम साहू, रामप्रसाद लाड़े, मानेंद्र सिन्हा, शिवशंकर नेताम, उमाशंकर साहू, मोहित राम साहू, तिलक यदु, जनक यदु, ज्ञानेश्वर जामुलकर, महेश सिन्हा, चेतन चंदेल, सुदर्शन कोटरे, शैलेंद्र कोटरे, कांति साहू, ललित साहू, मुकेश दिवाकर, दिनेश ठाकुर, मधुसूदन ध्रुव, गिरधारी सहारे, गिरधारी साहू, बिरेंद्र साहू, भोजकूमार साहू, देहर साहू, लोकेश साहू सहित ब्लाक ने अधिकाश शिक्षक उपस्थित थे।

# पुरुषोत्तम चंद्राकर को मिला जेसीआई का सर्वोच्च सम्मान



**रायपुर 6 अक्टूबर।** जेसीआई रायपुर संगवारी द्वारा वृंदावन हॉल सिविल लाइन रायपुर में भव्य एवं प्रतिष्ठित कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जेसीआई रायपुर संगवारी का पीआर प्रोग्राम ÷धरोहर÷ में जेसी डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर को जेसीआई का सर्वोच्च सम्मान कमल पत्र से सम्मानित किया गया। भारतीय जूनियर चैंबर के अध्यक्ष जैसी कमल सहारन की स्मृति में प्रतिवर्ष एक जेसी को उनकी अनवरत सेवा और उपलब्धि के लिए दिया जाने वाला सर्वोच्च जेसी सम्मान वर्ष 2024 में इस सर्वोच्च सम्मान के लिए डॉक्टर पुरुषोत्तम चंद्राकर को प्रदान किया गया जिनकी जेसी यात्रा गौरवपूर्ण है। आपने छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति को प्रदेश के साथ देश विदेश में बहुत ही गरिमा पूर्ण प्रदर्शित किए हैं इसके साथ मानवता की सेवा, वृद्ध जन माता पिता की सेवा, बच्चों एवं महिलाओं केसर्वांगीण विकास के लिए कार्य, कोरोना काल में जन सेवा ही प्रभु सेवा है की युक्ति को चरितार्थ करते हुए मानवता और मुक प्राणियों की सेवा देखभाल, बंधुता क्षमता तथा न्याय प्रिय दायित्वों के निर्वहन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है एवं सामाजिक कुरीतियों, अंधविश्वास, जाति भेद, नशा मुक्ति, अज्ञानता, असमानता, विषमता एवं शोषण के खिलाफ जन जागृति, पर्यावरण संरक्षण जल संरक्षण वायु प्रदूषण सिंगल उसे प्लास्टिक के उपयोग से बचाव के लिए उल्लेखनीय कार्य कर रहे है।रायपुर जिला के ग्राम बोड़रा के प्रतिष्ठित चंद्राकर परिवार में जन्मे शत्रुघ्न चंद्राकर एवं श्रीमती कमला देवी चंद्राकर के सुपुत्र डॉक्टर पुरुषोत्तम चंद्राकर आप छत्तीसगढ़ की कला एवं संस्कृति को नित नई ऊंचाइयों पर ले जाने हेतु निरंतर कार्यरत है।

## कोंडागांव में बहुजन समाज पार्टी ने निकाली एससी, एसटी, ओबीसी आरक्षण बचाओ यात्रा

# पिछड़ा वर्ग को धोखा देने का काम कर रहे भाजपा और कांग्रेस:सोनवंशी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोण्डागांव, 6 अक्टूबर।** बहुजन समाज पार्टी कोंडागांव जिला इकाई द्वारा 24 तारीख से शहीद वीरनारायण सिंह की स्थली सोना खान की धरती से निकली आत्मसम्मान व स्वाभिमान जगाओ यात्रा को कोंडागांव जिला इकाई द्वारा भव्य स्वागत नारायणपुर चौक से लेकर पूरे नगर में भ्रमण करते हुए संविधान निर्माता परम पूज्य डॉक्टर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण करके कोंडागांव वासियों को संबोधित करते हुए

केंद्रीय कोऑर्डिनेटर व पूर्व विधायक दाऊराम रत्नाकर जी ने कहा कि इस कोण्डागांव की धरती पर चाहे आदिवासी वर्ग हो, अनुसूचित जाति वर्ग हो चाहे अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण हो। सरकार द्वारा पूर्ण रूप से नहीं देने के कारण आज पूरे छत्तीसगढ़ में कई पद रिक्त पड़े हैं। उसे भर्ती नहीं किया गया है। सरकार यदि सच में पूर्ण रूप से आरक्षण का कोटा ईमानदारी से भर्ती करती तो हमारे समाज को आज यह दिन देखने को नहीं मिलता।

पिछड़ा वर्ग से ताल्लुक रखने वाले बसपा नेता प्रदेश के उपाध्यक्ष देवलाल सोनवंशी ने प्रेस से बातचीत करते हुए कहा कि आज कोंडागांव जिला पिछड़ा वर्ग संगठन द्वारा कई बड़े-बड़े आंदोलन किये गये, लेकिन भाजपा और कांग्रेस जैसी पार्टियां पिछड़ा वर्ग समाज को धोखा देने का काम किये हैं।

हे मेरे पिछड़ा वर्ग के बंधुओं। बाबा साहब ने आर्टिकल 340 में हमारे लिए अधिकार लिखा है यदि इस आर्टिकल के तहत हमारी जातिगत जनगणना पूर्व व वर्तमान की सरकार ईमानदारी सर्वे करवाकर आबादी के आधार पर आरक्षण देते तो हमें आज मांगने की जरूरत नहीं पड़ती। हमारी आबादी के आधार पर 52त्न हिस्सा के जगह 27त्न को भी पूर्ण रूप से भाजपा और कांग्रेस की सरकार नहीं दी है।



इसीलिए हे मेरे पिछड़े वर्ग के भाईयों बहुजन समाज पार्टी द्वारा आत्म सम्मान और स्वाभिमान जगाओ यात्रा पूरे छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से निकलकर पिछड़ा वर्ग को अपने अधिकार को बताने काम कर रही है।

बसपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हेमंत पोयम बस्तर के धनी धरती जहां इस कोंडागांव को लौह शिल्प नगरी के नाम से जाना जाता है। आज बैलाडीला नारायणपुर एवं बस्तर संभाग में कई स्थल पर खनिज संपदा विपराल रूप से पडा हुआ है लेकिन पह बस्तर के धनी धरती आज भी गरीबी रेखा के अंदर क्यों आना पड़ा है ।

आदिवासियों का शोषण दिन प्रतिदिन चाहे नक्सली के नाम से हो चाहे उद्योग धंधों के नाम से हो प्रतिदिन शोषण किया जा रहा है।

कोंडागांव पत्रकार संघ में प्रेस वार्ता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन ने कहा यहां आदिवासी सुरक्षित नहीं है सीतापुर की घटना बताते हुए कहा एक ठेकेदार के द्वारा आदिवासी को मार कर उसके शव पर पानी का टंकी बनाने का काम किया। वहीं पिछड़ा वर्ग के प्रशांत साहू को कवर्धा जेल में मार डाला गया। वहीं बलौदा-बाजार कांड में कई अनुसूचित जाति सतनामी समाज के निर्दोष लोगों को भी जेल में डाला जा रहा है। इस प्रकार इस प्रदेश में ना आदिवासी सुरक्षित है ना पिछड़ा वर्ग ना ही अनुसूचित जनजाति सुरक्षित है। संविधान बचाने वाले राहुल गांधी अब जब एसटी, एससी ओबीसी की आरक्षण की बात सुप्रीम कोर्ट द्वारा 01 अगस्त को निर्णय दिया गया तो सबसे पहले कांग्रेस के राज्य में स्वागत किया गया। आज संविधान बचाने वाले कहां चले गये हैं।

स्वाभिमान यात्रा आत्मसम्मान एवं स्वाभिमान जगाओ यात्रा में प्रदेश के सभी दिग्गज नेता केंद्रिय कोऑर्डिनेटर एनपी अहिरवार, दाऊराम रत्नाकर पूर्व विधायक, प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन, प्रदेश उपाध्यक्ष देवलाल सोनवंशी, पूर्व अध्यक्ष अप बाचपेई, प्रदेश महासचिव लता गेडाम, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हेमंत पोयाम, प्रदेश महासचिव पूर्व विधायक रामेश्वर खरे, पूर्व विधायक इन्दू बंजारे, प्रदेश सचिव सूरज तांडी, प्रदेश सचिव जयप्रकाश बंजारे, मनीष बख्शी, हेमचंद मिरी, स्थानीय जिला अध्यक्ष बनउराम नाग, जिला प्रभारी जगन्नाथ मरकाम, जिला प्रभारी सुकलू चक्रधारी, जिला प्रभारी भागवत चतुर्वेदी, विधानसभा प्रभारी पंचू नेताम, नवल नेताम, संत नेताम, विधानसभा अध्यक्ष श्रीराम नेताम एवं हजारों की संख्या में मोटरसाइकिल रैली करते हुए कार्यकर्ता, कोंडागांव नगर भ्रमण करते हुए जगदलपुर की ओर रैली रवाना हो गई है।

## समाचार संक्षेप

### अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर नंदनमारा में बुजुर्गों का किया गया सम्मान



**उत्तर बस्तर/कांकेर, 6 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासन के निर्देशानुसार 01 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर सम्मान कार्यक्रम का आयोजन ग्राम नंदनमारा में बुलबुल शिक्षण प्रशिक्षण केन्द्र वृद्धाश्रम एवं समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम की उपस्थित में किया गया। विधायक नेताम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वृद्धजनों के लिए केवल एक दिन यह आयोजन नहीं होना चाहिए, बल्कि हर दिन बुजुर्गों का सम्मान किया जाना चाहिए, इससे जीवन में खुशहाली और संपन्नता बनी रहेगी। वरिष्ठजनों के सम्मान हेतु आयोजित कार्यक्रम में शाल, श्रीफल एवं फल वितरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, नागरिक अरूण कौशिक, वृद्धाश्रम से बुलबुल वैद्य तथा पेंशनर समाज के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश, सरपंच सतरूपा कांगे सहित समाज कल्याण से क्षमा शर्मा एवं विभागीय कर्मचारी उपस्थित थे।

### जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र में कुष्ठ जागरूकता दिवस के रूप में मनाई गई गांधी जयंती



**उत्तर बस्तर/कांकेर, 6 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गांधी जयंती के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में कुष्ठ जागरूकता दिवस शासकीय जीएनएम प्रशिक्षण केन्द्र ईमलीपारा कांकेर में मनाया गया। लोगों में कुष्ठ रोग के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के लिए जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. सुनील कुमार सोनी द्वारा कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इसके अलावा रैली निकालकर गांधी जी की कुष्ठ रोगियों के प्रति योगदान को स्मरण करते हुए उनका कुष्ठमुक्त भारत के सपना को साकार करने का लक्ष्य भी रखा गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शांडिया ने बताया कि लक्ष्य के प्राप्ति के लिए कुष्ठ के प्रारंभिक लक्षण व कुष्ठ रोग के रामबाण दवाई एमडीटी के संबंध में प्रत्येक जन को जागरूक होने की आवश्यकता है। साथ ही विद्यार्थियों में कुष्ठ के संबंध में ज्ञान बढ़ाने क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को मुमेन्टो प्रदाय किया गया। जिला कुष्ठ सलाहकार डॉ. अरख राम बघेल ने बताया कि जिले में 02 से 16 अक्टूबर तक कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा चलाया जाएगा, जिसके तहत जिले के समस्त मिडिल स्कूल से हायर सेकण्ड्री स्कूलों, कॉलेजों एवं ग्राम पंचायतों में आयोजित ग्राम सभाओं में कुष्ठ रोग के संबंध में जन-जागरूकता हेतु जानकारी दी जाएगी। साथ ही लक्षण के आधार पर संभावित कुष्ठ रोगियों की सूची तैयार कर उन्हें नजदिकी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक से सत्यापन हेतु भेजा जायेगा, तदुपरांत जांच एवं उपचार पूर्णतः निःशुल्क किया जाएगा। कार्यक्रम में प्राचार्य सुरीला जैन, समस्त स्टॉफ व प्रशिक्षणार्थियों उपस्थित रहे।

## एक नजर

### कृषि स्थायी समिति की बैठक 18 अक्टूबर को

**उत्तर बस्तर कांकेर, 6 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कृषि स्थायी समिति की बैठक जिला पंचायत के सभापति की अध्यक्षता में 18 अक्टूबर को प्रातः 11.30 बजे से उप संचालक कृषि कांकेर के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में खरीफ क्षेत्राच्छादन वर्ष 2024-25 की अद्यतन प्रगति, विभागीय योजनाओं और अन्य विषयों चर्चा की जाएगी। उक्त बैठक में संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने कहा गया है।

### आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद के लिए 17 तक कर सकते हैं आवेदन

**दंतेवाड़ा 6 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय, डी.के.एस. भवन रायपुर के प्रेस विज्ञप्ति अनुसार एकीकृत बाल विकास परियोजना बारसूर अंतर्गत वर्तमान में आंगनबाड़ी केंद्र ग्राम कौरगांव बोटेपारा में आंगनबाड़ी सहायिका पद रिक्त हैं। उक्त पदों पर विभागीय नियमानुसार नियुक्ति की जानी है। इस हेतु संबंधित ग्राम पंचायत तथा नगर पंचायत से इच्छुक सभी आवेदनकर्ताओं से दिनांक 03 अक्टूबर से 17 अक्टूबर संध्या 5.30 बजे तक कार्यालय में बंद लिफाफा, डाक या स्वयं के द्वारा आवेदन निश्चित प्रारूप में आमंत्रित किये गये हैं। शैक्षणिक अर्हता हेतु सहायिका पद 8वीं उत्तीर्ण होना तथा आयु 18 से 44 वर्ष की होनी चाहिए। इसी प्रकार कार्यालय एकीकृत बाल विकास विभाग से जारी विज्ञप्ति अनुसार एकीकृत बाल विकास दन्तेवाड़ा अंतर्गत विभिन्न ग्राम पुरनतरई स्कूलपारा, ग्राम टेकनार कतियारपारा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका के पद रिक्त है। जिसकी भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन कार्यालयीन समय में 15 अक्टूबर शाम 5:30 बजे तक सीधे जमा अथवा पंजीकृत डाक द्वारा भेज सकते है। अधिक जानकारी के लिए एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना दंतेवाड़ा में सम्पर्क कर सकते है।

## पीजी कालेज ने उड़कुड़ा मनाया गया स्वच्छता अभियान

# विद्यार्थियों ने गांव-गांव जाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर, 6 अक्टूबर।** भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर के प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में गांधी जयंती के अवसर पर एवं 17 से 02 अक्टूबर तक चालाये जाने वाले ''स्वच्छता ही सेवा'' स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के नेतृत्व में सभी स्टॉफ संग छात्र-छात्राओं ने पूरे महाविद्यालय भवन की साफ-सफाई की और 02 अक्टूबर गांधी जंयती के अवसर पर भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय, उप क्षेत्रीय केन्द्र, जगदलपुर द्वारा ग्राम उड़कुड़ा में ''स्वच्छता ही सेवा'' के अंतर्गत अभियान चलाया गया। जिसमें प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम के मार्गदर्शन में मानव विज्ञान, समाजशास्त्र, इतिहास के विद्यार्थी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक शामिल हुए। महाविद्यालय के विद्यार्थी और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक एवं ग्रामवासियों के द्वारा शैलचित्रों के आस-पास स्वच्छता अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि हम सब को स्वच्छ रहना है। आस-पास एवं पर्यावरण के साथ मस्तिष्क को भी स्वच्छ रखना है, क्योंकि अस्वच्छता से असहजता महसूस होता है। महाविद्यालय एक शैक्षणिक संस्थान है जहां हम बैठकर शिक्षा और ज्ञान अर्जन करते है। इसलिए महाविद्यालय को स्वच्छ बनाये रखना हमारा कर्तव्य है, उन्होने



महाविद्यालय की साफ-सफाई के लिए सभी प्राध्यापकों, विद्यार्थियों को स्वेच्छा से और दिल से जुडकर साफ-सफाई में योगदान देने को कहा और समाजशास्त्र, इतिहास के स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों को प्राचीन शैल चित्र एवं उनकी महत्ता पर प्रोजेक्ट कार्य करने को कहा। इस प्रोजेक्ट का प्रकाशन एवं इसकी एक कॉपी छत्तीसगढ़ पुरातत्व विभाग को भेजने की बात कही।

पद्श्री अजय मण्डावी ने आस-पास के पौराणिक सम्पदा को सहेज कर रखने हेतु बच्चों को प्रेरित किया। ग्राम उडकुड़ा में प्राचीन समय के मानव रहवास के प्रमाण मिले हैं, जो कि भौगोलिक स्थिति से स्पष्ट होता है। मानव विज्ञान संस्थान क्षेत्रीय कार्यालय के डारेक्टर एवं मानव विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ.पीयूष रंजन साहू ने बताया कि ये शैलचित्र पांच हजार से चालीस हजार पूर्व के हैं। विकास क्रम में हिमयुग पश्चात समुद्र का जल स्तर नीचे आने से आदिम लोग इन पहाड़ों से नीचे आये। और ये पहाड़ों पर जगली अवस्था में रहते थें तभी उन्होने इन शैल चित्रों को विभिन्न गुफाओं में उकेरा हैं। तत्पश्चात ये जल स्तर कम होने पर नीचे आये और कृषि करने लगे, जिससे ये धीरे-धीरे कबीलों में निवास किये। कृषि के साथ सम्पति की अवधारणा आई एवं सभ्यता के विकास के साथ ग्राम और शहर बने।

सेवा निवृत्त पूर्व आई.पी.एस. अकबर कोर्राम ने बताया, कि वे इसी गांव के है और इसी गांव में पले बढ़े है। प्राचीन समय में गांव पत्थरों में निवास करता था बहुत गर्मी और तपन के कारण ग्राम वासियों ने पेड़ लगाया तब जा कर आज यहां हरियाली है। बाहरी लोगों के प्रवेश से यहां अब पाउच पन्नी आने लगे हैं जिसकी सफाई बहुत जरूरी हैं। ग्राम उड़कुड़ा में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाने का एक मात्र उद्देश्य इस प्राचीन धरोहर को भारतीय पुरातात्विक संरक्षित क्षेत्र घोषित किया जाये। ताकि इन शैलचित्रों को संरक्षित किया जा सकें।

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक रत्नाप्रिया और तरूणा मण्डावी द्वारा स्वच्छता के महत्व को बतालाया गया।

इस स्वच्छता अभियान में पूर्व सेवा निवृत्त आई.पी.एस.अधिकारी जगमोहन वट्टी, गायता जानसिंह जुर्री, सरपंच प्रतिनिधि विरेन्द्र तारम, शिक्षक मोहन जायसवाल, जनपद पंचायत सदस्य, महाविद्यालय के डॉ.व्ही.के.रामटेके, डॉ.एस.आर.बंजारे, डॉ.लक्ष्मी लेकाम, डॉ.एल.आर.सिन्हा, डॉ अर्चना सिंह, डॉ. बसंत नाग, प्रो. एन.आर.साव, डॉ.आर.कुलदीप, प्रो. सुरेन्द्र कुमार सिन्हा, प्रो. सुमिता पाण्डेय, प्रो. अलका केरकेट्टा, डॉ. पूनम साहू, डॉ.रामचंद साहू, डॉ. राजेश शुक्ला, देवव्रत पटेल सहित समस्त विभागाध्यक्ष, सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता, कार्यालयीन स्टॉफ राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयं सेवक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

### छात्र-छात्राओं ने जोन स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी व पश्चिम भारत विज्ञान स्पर्धा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**कोण्डगांव, 6 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जगतु महारा शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगदलपुर में गुरुवार 3 अक्टूबर को जोन स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला का आयोजन किया गया जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनाबाल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की है। व्याख्याता श्रीमती पूनम ठाकुर , श्रीमती रुकमणी ठाकुर एवं मुरित राम खुसरो के मार्गदर्शन में कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा कुमारी चांदनी सेठिया ने बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में खाद्य स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के विषय में अपना मॉडल प्रस्तुत द्वितीय स्थान प्राप्त किया, कक्षा 11वीं के छात्र खिरेंद्र सेठिया एवं कुलेश्वर सोढ़ी ने प्रश्न मंच प्रतियोगिता में तृतीय स्थान तथा कक्षा दसवीं की छात्राएं कुमारी भविषा नेताम एवं साथियों ने मुख्य विषय एआई और समाज उप-विषय मानव बनाम कंप्यूटर पर विज्ञान नाटिका की प्रस्तुति दी जिसमें उन्होंने द्वितीय स्थान प्राप्त किया जिससे इन सभी छात्राओं को15 से 18 अक्टूबर तक अंबिकापुर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ इस उपलब्धि पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनाबाल के प्राचार्य श्री यजेंद्र नाथ मांझी एवं समस्त स्टाफ संकुल केंद्र सोनाबाल एवं ग्राम वासियों ने बहुत-बहुत बधाइयां देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# गांधी जयंती पर जिला जेल में विधिक शिविर का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 6 अक्टूबर।** 2 अक्टूबर गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष श्री विजय कुमार होता के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती अपूर्वा दांगी द्वारा जिला जेल दंतेवाड़ा में विधिक शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने बंदियों को गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन शैली, सादगी अपनाने और उनके समान सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान जेल अधीक्षक श्री जी एस शोरी ने भी बंदियों को




संबोधित करते हुए बताया कि महात्मा गांधी के जीवन मूल्य को अपनाने हुए जेल में सात्विक खाना बंदियों को दिया जाता हैं जिससे बंदियों के मन भी सात्विक और पवित्र हो सके। इस दौरान पैरा लीगल वॉलंटियर सुखदेव एवं रामदरश पटेल जमुना एवं जेल में नियुक्त अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहें।

# 5 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 6 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में आज 5 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया। छत्तीसगढ़ सरकार की नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति एवं नियद नेल्ला नार योजना के तहत प्रेरित होकर और सुरक्षा बलों के बढ़ते प्रभाव से यह महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। इस समूह में एक महिला नक्सली करटम मासे भी शामिल है, जिसने बिना हथियार आत्मसमर्पण किया।

करटम मासे और मड़कम जोगा ने डीआईजी कोंटा रेंज फिल्ड टीम (आरएफटी) के सहयोग से 212 वाहिनी सीआरपीएफ के द्वितीय कमान अधिकारी दिनेश कुमार और डीआरजी प्रभारी अविलाष टण्डन के



समक्ष आत्मसमर्पण किया। दूसरी तरफ माड़वी लच्छु, माड़वी दुड़वा, और माडवी लच्छू ने 217 और 208 वाहिनी सीआरपीएफ तथा डीआरजी की मदद से आत्मसमर्पण किया। इन पर 1 लाख रुपये का इनाम घोषित था। ये सभी नक्सली पूर्व में पुलिस गश्त दलों पर हमले, मार्ग अवरुद्ध करने और प्रशासन के खिलाफ नक्सली पर्चे फैलाने जैसी गतिविधियों में शामिल रहे हैं। आत्मसमर्पण के पश्चात इन्हें पुनर्वास नीति के तहत सहायता राशि और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

### 187 पाव देशी मसाला शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 6 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना हथबंद पुलिस द्वारा शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों, जुआ, सट्टा एवं अवैध रूप से शराब बेचने वाले आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 4 अक्टूबर को उप निरीक्षक किशन कुंभकार, प्रधान आरक्षक राजकुमार ठाकुर, चंद्रभान पांडे, राजेश चंद्राकर, आरक्षक भुवन वर्मा, मिलन साहू, विजय लहरे, गौरी शंकर कश्यप एवं महिला आरक्षक थानेश्वरी जांगड़े की पुलिस टीम द्वारा ग्राम खिलोरा में आरोपी गोविंदा बंजारे के घर के पास बाड़ी में भारी मात्रा में शराब छुपाए जाने की सूचना पर से घेराबंदी कर आकस्मिक दबिश दिया गया। इस दौरान घटनास्थल से ?20, 570 कीमत मूल्य का 187 पाव देशी मसाला शराब जप्त किया गया है। प्रकरण में आरोपी गोविंद बंजारे उम्र 25 साल निवासी ग्राम खिलोरा थाना हथबंद के विरूद्ध थाना हथबंद में अपराध क्रमांक 182/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध करते हुए आरोपी को गोविंदा बंजारे को 5 अक्टूबर को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।



## आदिवासी छात्रावासों में सामने आया अवैध वसूली का मामला

# एआईएसएफ, एआईवायएफ का अवैध वसूली व टेंडर प्रथा पर रोक लगाने की मांग को लेकर प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 6 अक्टूबर।** 4 अक्टूबर को ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन/ऑल इंडिया युथ फेडरेशन (AISF/AIYF) ब्लाक कमेटी छिन्दगढ के नेतृत्व मे एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर एआईएसएफ के प्रदेश अध्यक्ष-महेश कुंजाम, एआईवायएफ के राज्य उपाध्यक्ष राजेश नाग, महासचिव देवाराम मंडावी, जिलाध्यक्ष- शैलेन्द्र कश्यप, ब्लाक अध्यक्ष जीवन बघेल, सचिव रामकुमार पोडियाम उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। सुकमा जिले में विगत दिनों छात्रावास, आश्रम, पोटाकेबिनों में शिष्यवृत्ति, भोजन सहायक राशि को अवैध वसूली करने का मामला सामने आया था। यह मामला को लेकर एआईएसएफ के प्रदेश अध्यक्ष महेश कुंजाम ने जिला प्रशासन को कार्रवाई करने के लिए ज्ञापन सौपा गया था, इस मामले को संज्ञान मे लेकर मंडल संयोजक को निलंबित किया गया लेकिन मामला इतना ही नही छात्रावासो मे अवैध वसूली का प्रथा बर्षो से चल रहा है, इस लिए यह मामले को गंभीरतापूर्वक जांच कर



अन्य संलिप्त लोगो पर भी कार्यवाई की मांग है, इसलिए एआईएसएफ/एआईवायएफ के नेतृत्व मे छिन्दगढ ब्लाक मे एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन के माध्यम से दो सूत्रीय मांग है।

छात्रावास, आश्रम, पोटाकेबिनों में नेता और अधिकारियों के नाम से प्रति छात्र के पिछे 50 रूपया प्रतिमाह देने की ऑडियो रिकॉर्डिंग वायरल हुआ था। यह मामले को गंभीरतापूर्वक जांच कर उक्त संलिप्त लोगो को कार्रवाई करने, अवैध वसूली पहले सु।से ही चल रहा है, यह कमीशन प्रथा को तत्काल रोक लगाने, अवैध वसूली पर प्रतिबंधित आदेश जारी करने। यह कि छात्रावास, आश्रम, पोटाकेबिनों में टेंडर पध्दति से राशन समान व अन्य समान वितरण पर रोक लगाने, अधीक्षक व बच्चो के पंसद से खाद्य समाग्री खरीदने का अधिकार दिया जाने की मांग किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष महेश कुंजाम ने कहा है कि यहा मामला गंभीर है, जब उचित जांच व कार्रवाई नही हो रहा है तो फेडरेशन गंभीरतापूर्वक जांच करने व कार्रवाई की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन के माध्यम पुनः शासन प्रशासन को अवगत कराने छिन्दगढ अनुविभागीय अधिकारी को अनुमति मांगा गया तो अनुमति देने से इंकार करते हुए अनुमति नही दिया। फिर भी धरना-प्रदर्शन जारी रखा गया। जब धरना-प्रदर्शन के बाद ज्ञापन सौपने के लिए गये तो तहसीलदार साहब आवेदन लेकर पावती देने से इंकार कर रहे थे तो कार्यालय के गेट के सामने बैठकर जाम कर नारे बाजी करना पड़ा तब जाकर पावती देने लिये हो गये।

## एक नजर

### पीएम किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त का खातों में हस्तांतरण



**बीजापुर 6 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा 18वीं किस्त जारी किया गया। जिसमें जिले के 16740 कृषकों के खाते में 5.01 करोड रुपए से अधिक राशि का हस्तांतरण किया गया। कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में 5 अक्टूबर को कृषि विज्ञान केंद्र में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत ÷पीएम किसान दिवस उत्सव÷ मनाया गया जिसमें उप संचालक कृषि श्री पी एस कुशरे, कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख श्री अरुण सकनी, सहायक संचालक उद्यानिकी श्री रामचंद्र राव, सहायक संचालक कृषि श्री चुनेंद्र देवांगन, सहायक संचालक कृषि श्री कृष्णा कुमार सिन्हा, विषय वस्तु विशेषज्ञ श्री भूपेंद्र ठाकुर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री ललित कुमार झाड़ी, कार्यक्रम सहायक श्री अरविंद आयाम, प्रक्षेत्र प्रबंधक श्री दिनेश मरापी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी तथा जिले के 120 कृषक उपस्थित थे।

### नकसलियों ने जन अदालत में मुखबिरी के आरोप में दो ग्रामीण युवाओं को मौत के घाट उतारा

बीजापुर 6 अक्टूबर। गंगालूर थाना अंतर्गत सावनार गांव मे नकसलियों ने जन अदालत लगाकर बीते शाम को सावनार के दो ग्रामीण युवकों को मुखबिरी के आरोप में मौत की सजा दी है दोनों युवकों के नाम अर्जुन पुनेम मोटू कुरसम बताये गए हैं यह भी पता चला है कि कुछ ग्रामीणों को पिटाई के बाद चेतावनी देकर छोड दिया गया है ..यहाँ यह बताना भी जरूरी है कि कल प्रदेश के मुख्यमंत्री का बीजापुर प्रवास था ऐसे मे नकसलियों की यह हरकत कहीं न कहीं उनकी बौखलाहट को प्रर्दशित कर रहा है बहरहाल पुलिस को घटना की सूचना मिली है जिसकी तसदीक की जा रही है घटना की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है।

# सेना की ताकत,जवानों का शौर्य हमें रोमांच के साथ गौरवान्वित करता है:मुख्यमंत्री

## भव्य सशस्त्र सैन्य समारोह का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया शुभारंभ

**रायपुर 6 अक्टूबर।** साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित भव्य सैन्य समारोह एवं प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री श्री साय का जैकेट पहनाकर सेना ने अपने अंदाज में स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने भारतीय सेना के करतब को देखकर रोमांचित हुए और उनकी कौशल और क्षमता को सराहा। मुख्यमंत्री श्री साय ने दो दिवसीय सैन्य प्रदर्शनी को आम नागरिकों के उत्साह को देखते हुए एक दिन बढ़ाने की घोषणा की। अब प्रदर्शनी का आयोजन 5 एवं 6 अक्टूबर के अलावा 7 अक्टूबर तक किया जाएगा।प्रदर्शनी दिन में सुबह 8 बजे से 10 बजे तक एवं शाम को 6 बजे से रात 8 बजे तक आयोजित की जायेगी।



सैन्य प्रदर्शनी समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि इस प्रदर्शनी में अपनी सेना की ताकत, उनकी क्षमता और हमारे वीर जवानों के शौर्य को देखकर रोमांचित और गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों में देशभक्ति का जज्बा जगाने के लिए सेना का एक अकेला जवान ही काफी होता है। सेना की वर्दी में किसी चुस्त-दुरूस्त जवान को देखकर ही हमारे भीतर जोश आ जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के अवसर पर जब हम कर्तव्य-पथ पर अपने सैनिकों को परेड करते हुए देखते हैं, तब हर भारतीय के मन में विचार अवश्य आता है कि काश हम भी भारतीय सेना का हिस्सा होते। उन्होंने कहा कि हमारी यह सेना संख्या दुनिया की सबसे शक्तिशाली सेनाओं में गिनी जाती है। हमारी यह सेना अपने अनुशासन और दक्षता के लिए पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा आजादी के बाद देश पर जब-जब खतरा मंडराया, हमारी सेना ने दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। आज किसी भी देश की हिम्मत नहीं होती कि वह भारत की ओर आंख उठाकर देखें। इसी तरह हमारे इन जवानों ने देश की आंतरिक सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जब कोई प्राकृतिक आपदा होती है, तब भी हमें सबसे पहले हमारी सेना की याद आती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रदर्शनी में भीष्म टी-90 टैंक, बीएमपी, एल-70 और अन्य आधुनिक सैन्य उपकरणों का अवलोकन कर सकेंगे, जिनका उपयोग हमारे सशस्त्र बलों ने दुश्मनों के खिलाफ विजय प्राप्त करने में किया है। इसके साथ-साथ आप पैरा जंपिंग, खुखरी डांस, डेयर डेविल मोटरसाइकलिंग और घुड़सवारी जैसे हैरतअंगेज और अद्भुत प्रदर्शन का आनंद भी ले पाएंगे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस प्रदर्शनी को देखने के लिए युवा साथी बड़ी संख्या में आए हैं। बहुत अच्छी बात है कि लोग अपने बच्चों को लेकर भी यहां आए हैं, इससे निश्चित रूप से ये बच्चे भी प्रेरित होंगे और सेना में शामिल होकर देश सेवा का अवसर मिले तो इसे अपने हाथों से जाने न दें।

अग्निवीर योजना भी आपको यह महत्वपूर्ण अवसर देती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि कल बस्तर के अबुझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने माओवादी आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ में 31 माओवादियों को ढेर कर दिया। इस बड़ी सफलता के लिए सुरक्षा बलों के जवानों को बधाई देता हूं। पिछले 9 महीनों के दौरान हमारे जवानों ने माओवादी आतंकवाद के खिलाफ लगातार बड़ी सफलताएं हासिल की हैं। अब तक 191 माओवादी को ढेर किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बस्तर में आ रहे बदलाव का यह संकेत है कि बस्तर के युवा बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों में शामिल होकर माओवादियों को खदेड़ रहे हैं। सैन्य समारोह की प्रदर्शनी में मुख्यमंत्री श्री साय को ब्रिगेडियर श्री अमन आनंद ने भारतीय सेना द्वारा उपयोग किए जाने वाले हथियारों और टैंक की विस्तृत जानकारी दी। श्री साय ने प्रदर्शनी के मुख्य आकर्षण में से एक टैंक टी-90 भीष्म का भी अवलोकन किया और इसकी क्षमता और विशेषता की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने सेना में उपयोग होने वाले अत्याधुनिक हथियारों, ड्रोन, रायफल सहित भूतपूर्व सैनिकों के लिए चलाई जा रही योजनाओं, अग्निपथ योजना, छत्तीसगढ़ हर्बल्स के स्टाल का अवलोकन किया। गौरतलब है कि सैन्य प्रदर्शनी के दौरान भारतीय सेना द्वारा युद्ध में उपयोग किए गए तथा वर्तमान में उपयोग किये जा रहे विभिन्न हथियारों, टैंक, रायफल आदि का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी में ऐसे टैंक और हथियार भी शामिल हैं, जो वर्तमान में उपयोग में नहीं है और सेना ने इसे एक धरोहर के रूप में संजो कर रखा है। साथ ही मुख्यमंत्री ने सभी स्टालों का अवलोकन किया और सेना के अधिकारियों से जानकारी ली।

# रंगीलो रे गरबा ट्रेनिंग का सर्टिफिकेट 200 से अधिक लोगों को बांटा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 6 अक्टूबर।** बीजापुर में 20 सितंबर से 30 सितंबर तक कुल 11 दिन रंगीला रे गरबा उत्सव का प्रशिक्षण बीजापुर आर्ट लिटरेचर एंड म्यूजिक बालम समिति के तत्वाधान में संपन्न हुआ। बीजापुर के स्थानीय कलाकारों की मेहनत रंग लाई जिसमें पहली बार रंगीलो रे गरबा ट्रेनिंग में 200 से अधिक महिला, पुरुष,बच्चों ने भागीदारी करते हुए गरबा सीखा। नवरात्र के अवसर पर मां दुर्गा की आराधना नृत्य के रूप में माता को प्रसन्न करने के लिए उनके भक्ति गीतों पर गरबा नृत्य आयोजन की परंपरा सनातन संस्कृति में कई वर्षों से चली आ रही है। बीजापुर में यह पहला अवसर है जिसमें रंगीलो रे गरबा के माध्यम से बीजापुर के स्थानीय महिला पुरुष एवं बच्चे नवरात्र में 7 एवं 8 अक्तूबर को सांस्कृतिक मैदान में आयोजित होने वाले गरबा आयोजन में भागीदारी कर उत्सव को भव्य बनाएंगे। मंगल भवन में आयोजित सर्टिफिकेट सेरेमनी में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष बेनहुर रावतिया, फुटबॉल संघ के अध्यक्ष एवं पार्षद जितेंद्र हेमला, पूर्व पार्षद हेमंत मुदलियार के करकमलों से प्रशिक्षार्थियों को ट्रेनिंग सर्टिफिकेट वितरण किया गया। सभी प्रतिभागी प्रमाण पत्र पाकर खुशी से झूम उठे और



उनका उत्साह,उमंग उनके चेहरे पर मुस्कुराहट देखते ही बन रही थी । विदित हो की उक्त गरबा प्रशिक्षण देने के लिए जगदलपुर से प्रसिद्ध कत्थक नर्तकी भूमिका शाह के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया जिसमें हमारे बीजापुर के चार मास्टर ट्रेनर अनुश्री नायर, रागिनी बघेल,संदीप पुनेम , संजीव ओयाम और सहयोगी कोरियोग्राफर अभिषेक नेताम ने पूरी लगन निष्ठा और ईमानदारी के साथ में हर एक स्टेप को पूरे समय अपनी उपस्थिति से उन्हें प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस पर बालम की ओर से भूमिका शाह को शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। रंगीला रे कार्यक्रम के डायरेक्टर सुजीत मजूमदार के मार्गदर्शन में टीम के साथी, बीरा राजबाबू, उमा रेड्डी, मनीष बुराडे , सुप्रीति राय, रंजिता गुप्ता, गीतांजलि गुप्ता, अविनाश चापड़ी, शेख मोइन, दुलियंत चौहान, अनुष्का मजूमदार, पी.दिनेश,आदित्य मिश्रा आदि ने पूरे आयोजन को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । प्रमाणपत्र वितरण उपरांत सामूहिक फोटो खिंचवाकर आयोजन को यादगार बनाया गया और कार्यक्रम का समापन हुआ।



**रायपुर,6 अक्टूबर।** चंद्रयान-3 की कविता गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की उपलब्धि पर कवियत्री मीनाक्षी राव का रायपुर आंध्र एसोसिएशन की तरफ से सम्मान किया गया ।

## समाचार संक्षेप

### विक्रम मंडावी ने महिला समितियों से भेंट कर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी



**बीजापुर 6 अक्टूबर।** क्षेत्रीय विधायक विकम मंडावी ने नवरात्रि पर्व के साथ ही जिले में चल रही बतकम्मा उत्सव के दौरान महिला समितियों से मिल कर उन्हें पर्व की ना केवल बधाई दे रहे है बल्कि उनका हौसला भी बढा कर शुभकामनाएं दे.रहे हैं अपने पर्व के दौरान विधायक को अपने बीच पाकर बतकम्मा महिला समितियां काफी उतसाहित है और उनका स्वागत भी कर रही है तेलुगु समाज द्वारा मनाया जाने वाला यह पर्व तेलुगु महिलाओ के लिए विशेष महत्व. रखता है समुह मे यह पर्व मनाया जाता है अन्य समाज के लोगों ने भी बतकम्मा समितियों को बधाई दी है।

### साहित्य समीक्षात्मक संगोष्ठी आयोजित



**रायपुर 6 अक्टूबर।** अणुव्रत समिति, रायपुर व छत्तीसगढ़ की तीन प्रमुख विश्वविद्यालय पं. रविशंकर प्रसाद शुक्ल विश्वविद्यालय, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय व कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आचार्य श्री महाश्रमण जी साहित्य समीक्षात्मक संगोष्ठी ( भगवत गीता एवं उत्तराध्ययन सूत्र आधारित ) का आयोजन श्री लाल गंगा पटवा भवन, टैगोर नगर में आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनिश्री सुधाकर जी व सहवर्ती मुनिश्री नरेश कुमार जी के सान्निध्य में किया गया है जिसमें गरिमामय उपस्थिति के साथ संगोष्ठीकार भूमिका निर्वहन किया पं. रविशंकर प्रसाद शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. श्री सच्चिदानंद जी शुक्ल, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. श्री गिरीश जी चंदेल व कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय के भाषा विभागाध्यक्ष डॉ. श्री नरेन्द्र जी त्रिपाठी क्रमशः विजयी बनो, संपन्न बनो व सुखी बनो आचार्य श्री महाश्रमण जी कृतियों पर अपने मंतव्य/समीक्षा उपस्थित जनमेदनी को प्रदान किया। आयोजन में विशेष रूप से वरिष्ठ अस्थिरोग विशेषज्ञ डॉ. पूर्णेन्दु जी सक्सेना व विघा भारती संस्थान से विवेक जी सक्सेना।

### दुष्यंत वर्मा इंडियन डायमंड डिग्निटी अवार्ड से अलंकृत

**फिंगेश्वर 6 अक्टूबर।** भव्या फाउंडेशन द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन और इंडियन डायमंड डिग्निटी अवार्ड 2024 सुरेश ज्ञान विहार विश्वविद्यालय जयपुर राजस्थान के कालिंदी सभागार में आयोजित हुआ इस सम्मान समारोह में



देश-विदेश के सामाजिक साहित्यिक शिक्षा कला एवं अन्य क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले 200 प्रतिभाओं को उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया जहां दुष्यंत कुमार वर्मा ने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं विरासत से अवगत कराते हुए यहां बस्तर की संस्कृति,माता कौशल्या और छत्तीसगढ़ में श्री रामचंद्र से नाता एवं प्राकृतिक संपदा से परिपूर्ण स्वच्छ छत्तीसगढ़ की विशेषताओं को उजागर किया शिक्षक दुष्यंतकुमार वर्मा को सामाजिक साहित्यिक और शिक्षाक्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु इंडियन डायमंड डिग्निटी अवार्ड 2024 से नवाजा गया इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि डॉ. प्रेमचंद बैरवा उपमुख्यमंत्री राजस्थान सरकार, विशेष अतिथि अविनाश गहलोत, कैबिनेट मंत्री सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग राजस्थान सरकार, उमाशंकर शर्मा आयुक्त ,परीश देशमुख डीआईजी जयपुर, गोपाल शर्मा विधायक, ईश्वरचंद्र पुरुषोत्तम गुजरात, संजयदत्त माथुर जयपुर, डॉ रामजी चंद्रवाल लक्ष्य एजुकेशन दिल्ली आदि के सानिध्य में यह भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम का संयोजन भव्या फाउंडेशन के संस्थापक शैलेंद्र ठाकुर और निदेशक डॉक्टर निशा ठाकुर ने की।

# जिले के अधिकारियों ने किया विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**फिंगेश्वर 6 अक्टूबर।** जिला गरियाबंद को शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने भरसक प्रयास किया जा रहा है । जिला कलेक्टर दीपक अग्रवाल द्वारा गौरव गरियाबंद के नाम से अभियान चलाकर कक्षा 5 वी से 12 वी तक विद्यार्थियों का स्तर ऊपर उठाने हेतु प्रयास किया जा रहा है । जिला प्रशासन द्वारा शिक्षा स्तर में सुधार लाने हेतु जिला कलेक्टर दीपक अग्रवाल की मंशा अनुरूप एवं जिला शिक्षा अधिकारी ए. के. सारस्वत के निर्देशानुसार इस बार कक्षा 5 वी से 12 वी तक कि परीक्षा बोर्ड के पैटर्न के अनुसार ले रहे है । वहीं जिला नोडल अधिकारी डीएमसी के. एस. नायक, श्याम चन्द्राकर, मनोज केला द्वारा विकासखंड फिंगेश्वर के सभी संकुल समन्वयकों की आवश्यक बैठक शा उ मा शाला सेंदर में लिए. इस अवसर पर जिला नोडल अधिकारियों ने कहा कि सभी पात्र छात्र छात्राओं का आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बना हुआ होना चाहिए. जिससे छात्र छात्राओं को मिलने वाली छात्रवृत्ति एवं अन्य लाभो से वंचित न होना पड़े. वहीं नवमी से बारहवीं तक सभी छात्र छात्राओं का अपार



कार्ड अनिवार्य रूप से बनाया जाना है इसके लिए पालको की बैठक लेकर अपार कार्ड के लाभ एवं आधार कार्ड एवं यू डाइस में नाम मिलान कर सही होने के बाद अपार कार्ड जनरेट करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए । तत्पश्चात जिला प्रशासन द्वारा शिक्षा गुणवत्ता में सुधार हेतु चलाए जा रहे गौरव गरियाबंद अभियान के जिला नोडल अधिकारी द्वारा ब्लाक के सेंदर, बेलर एवं छुइहा स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।इस दौरान परीक्षा के केंद्राध्यक्ष और पर्यवेक्षक को छात्रों के वार्षिक परीक्षा की तैयारी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए. जिसमे बच्चों की बैठक व्यवस्था से लेकर गर्मी के देखते हुए पंखे, एवं पानी की व्यवस्था उचित प्रबंधन आदि निर्देश शामिल थे । इसके साथ ही साथ उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए. वहीं बच्चों के सुंदर लिखावट के संबध में भी शिक्षकों से चर्चा किया गया । इस अवसर पर प्रमुख रूप से रामेंद्र जोशी बी ई ओ, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा, प्रोग्रामर नदीम,मनीष देवांगन, चेतन गायकवाड़ एवं फिंगेश्वर ब्लाक के संकुल समन्वयक उपस्थित थे।

# चिराग परियोजना में पोषण सखी को दिया गया प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 6 अक्टूबर।** प्रदेश में कृषि विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 15 जिलों के 27 विकासखण्डों में निवासरत ग्रामीण आदिवासी परिवारों के आय में वृद्धि एवं वर्षभर पोषित आहार की उपलब्धता हेतु वर्ल्ड बैंक एवं आईएफएडी के सहयोग से चिराग परियोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। परियोजना अंतर्गत चिन्हांकित ग्रामों में पोषण आधारित गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु पोषण सखी के रूप में कार्य करने के लिये संबंधित ग्रामों से महिलाओं का चयन किया गया है। 3 अक्टूबर 2024 को चयनित महिलाओं पोषण सखी के रूप में कार्य करने के लिये तकनीकि सहयोगी संस्था पीसीआई के सहयोग से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन भैरामगढ़ में किया गया। प्रशिक्षण के दौरान चयनित महिलाओं को चिराग परियोजना का परिचय, कुपोषण, संतुलित आहार, कृषि एवं पोषण में संबंध के द्वारा दैनिक भोजन में आहार विविधता के लिये सामाजिक व्यवहार परिवर्तन हेतु संचार किये जाने के लिये मास्टर ट्रेनर श्री जुबेर आलम, पीसीआई एवं सुश्री प्रियंका, सुपरवाईजर, महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर उपसंचालक कृषि श्री प्रताप सिंह कुशरे चिराग राज्य कार्यालय से श्री जगजीत मिंज एवं दीपक कुमार, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री पिंगल कुमार नाग एब्लॉक टेक्नोलॉजि मैनेजर श्री दीपक कुमार जैन एवं कृषि विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



### टावर गिरने से भृत्य की मौत, परिवार सदमे मे

**बीजापुर 6 अक्टूबर।** उसूर ब्लाक मुख्यालय आवापल्ली मे टावर गिरने से एक भृत्य की मौत हो गई है मृतक भृत्य विकास खण्ड



शिक्षा कार्यालय मे पदस्थ था जानकारी के अनुसार आवापल्ली मे शाम को अचानक मौसम बदला और गरज चमक के.साथ तेज हवा चलने लगी इसी दौरान आई सी डी एस व कृषि कार्यालय के पास लगे पुराने टावर के अचानक गिरने से उसकी चपेट मे आये गटपलली सत्यम उर्म 45 निवासी माडवी पारा आवापल्ली के सिर मे गहरी चोट लगने से उसे हास्पीटल लाया गया जहां जांच उपरांत डाक्टरो ने उसेमृत. घोषित कर दिया बताया गया है कि मृतक भृत्य विकास खण्ड. शिक्षा कार्यालय मे पदस्थ था देर.शाम होने से मृतक का पी एम नहीं किया जा सका था आज सुबह पी एम किया जा कर शव परिजनों को सौपा गया अचानक हुए इस हादसे से परिजन सदमे मे है शिक्षा कार्यालय मे पदस्थ सभी साथी कर्मचारियों ने इस घटना पर दुख जताते हुए अपनी विनम्र श्रद्धांजली दी है।

# दशहरा महोत्सव में लोकगायिका कविता वासनिक की लोक पारंपरिक प्रस्तुति ने जीता दिल,उमड़ा आस्था का सैलाब

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरूद 6 अक्टूबर।** शारदीय नवरात्रि के द्वितीय दिवस खेल मैदान में कुरूद दशहरा महोत्सव 2024 के तहत लोक कला मंच कविता वासनिक कृत अनुराग धारा की प्रस्तुति हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष रविकांत चंद्राकर थे। अध्यक्षता हितेन्द्र केला अध्यक्ष राइस मिल एसोसिएशन कुरूद ने की ।विशिष्ट अतिथियों मे राजनितिक दल, संघ संघठनो एवं नगर के दुर्गा पंडालों के पदाधिकारियों मे आशीष शर्मा, सुरेश महावर, सोहन आमदे, कुलेश्वर सिन्हा, डी पी देवांगन, कमल शर्मा, प्रकाश धीवर, राज़ देवांगन, मनीष अग्रवाल, भूपेन्द्र छोटू, लखन साहु, केवल साहु, सहित विभिन्न संघ संगठन के अध्यक्ष और प्रतिनिधि थे।

अतिथि उद्बोधन के क्रम में रविकांत चंद्राकर ने महोत्सव के अब तक के सफर को शानदार बताते हुए इससे जुड़े लोगो को याद कर इसे कुरूद नगर के लिए ऐतिसाहिक बताया, श्री आशीष ने भानु चंद्राकर जी के इस प्रयासों की तारीफ करते हुए उसे साधुवाद दिया, इसके उपरांत दशहरा महोत्सव समिति द्वारा समस्त मंचासीन अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं सुप्रसिद्ध गायिका कविता वासनिक जी को भी महोत्सव समिति की ओर रजत जयंती अवसर पर स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।

इसके उपरांत अनुराग धारा की मनभावन प्रस्तुति प्रारंभ हुई , जिसमे कलाकारों ने पारंपरिक लोक गीतों से



दर्शकों को बांधे रखा। इस दौरान कविता वासनिक और कलाकारों ने मधुर स्वरों में जसगीत,पंथी ,बस्तरिहा , करमा , सुआ , ददरिया , जसगीत ,प्रेम और वियोग श्रृंगार रस से जुड़े गीत सहित एक से बढ़कर मनभावन गीतों की श्रृंखला की प्रस्तुति हुई। मोर झूलतरी नैना, पता ले जा रे,गौरी गौरा , जसगीत सहित एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुति हुई।जसगीत और गौरी गौरा गीतों के दौरान कई बार माताओं का आगमन हुआ, जिससे वातावरण में भक्ति और आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा।अंतिम में श्रृंगार गीतों से इस कार्यक्रम का समापन किया गया।

अंत में आभार प्रदर्शन करते हुए महासचिव भानु चंद्राकर ने कहा कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य संरक्षक मा. अजय चन्द्राकर, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, शासन प्रशासन के अधिकारियों, सहयोग देने वाले चिन्हित सहयोगियों, महोत्सव से नगर के समस्त शासकीय विभागों को प्रभारियों, महोत्सव सम्मिलित हुए समस्त अतिथियों, गणमान्य जनों सहित नगर- क्षेत्र की हजारो श्रद्धालुओं का आभार जताया और उन्होंने कहा कि हमारे महोत्सव समिति को दो कार्यक्रम और मिले हैं जिसमें सप्तमी 9 अक्टूबर को राजेश अवस्थी नाईट, अष्टमी 10 अक्टूबर को किरण शर्मा रायगढ़ द्वारा माता का जगराता कार्यक्रम सहित 6 अक्टूबर से लगातार 10 अक्टूबर तक महोत्सव में सांस्कृतिक आयोजन होने जा रहे है, आप सबको हार्दिक बधाइयाँ, कार्यक्रम का मंच संचालन महोत्सव के पदाधिकारी प्रभात बैस ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में खिलेंद्र देवांगन,किशोर यादव, खूबलाल चंद्राकर,कोमल साहू,भारत ठाकुर,दौलत ध्रुव, भूखन सेन,संजय चंद्राकर,मनीष अग्रवाल, भारत भूषण पंचायन, भारती पंचायन, संजु चन्द्राकर, राजेश साहु, श्रवण साहू,डब्बू निर्मलकर,युवराज सोनकर,अनुशासन आमदे,मूलचंद सिन्हा,जितेंद्र चंद्राकर,कुलेश्वर सिन्हा, मुकेश कश्यप,सोहन आमदे,कमल शर्मा, नीरज चंद्राकर,केशव चंद्राकर,वंश खत्री ,तुलसी साहू, खिलेंद्र साहू,तुकेश साहू,मुकेश ठाकुर सहित हजारों के संख्या में श्रद्धालुजन सम्मिलित हुए !

### आदर्श रामलीला: धनुषयज्ञ का भव्य मंचन, आरती में शामिल हुए समाज के लोग व पत्रकार

# 10 वर्षीय बालक ने लक्ष्मण की भूमिका में खूब तालियां बटोरीं

- दूसरे दिन की लीला में धनुषयज्ञ, सीताराम विवाह
- आरती में सिक्ख, राजपूत एवँ सोनी समाज हुआ शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 6 अक्टूबर।** आदर्श रामलीला नाटक मंडली भाटापारा के द्वारा 105 वर्ष का मंचन जारी है जिसके दूसरे दिन की रामलीला में अहिल्या उद्धार, मीनाबाजार, रावण-बाणासुर संवाद, पेटल-लकटकिया संवाद, धनुषयज्ञ, भगवान राम एवं माता सीता के जयमाल की शानदार एवं मनमोहक प्रस्तुति दिखलाई गई। जिसमें रावण-बाणासुर के शानदार संवादों ने समा बांधा वही लकटकिया-पेटलराजा संवाद ने लोगों को खूब हंसाया। आज के मंचन में विशेष रूप से 10 वर्षीय बालक वासु युग शर्मा के द्वारा लक्ष्मण के पाठ की शानदार संवाद अदायगी ने खूब तालियां बटोरी। कलाकारों के साज-सज्जा ने दर्शकों को आकर्षित किया।

भगवान राम के रूप में आदित्य जोशी, सीता के रूप में धर्मपाल सोनी, अहिल्या के रूप में मुकुल शर्मा, रावण श्याम मल, बाणासुर मंगल मिश्रा, पेटलराजा कोमल शर्मा, लकटकिया जगदीश वैष्णव, सुमति-विमती में सागर जायसवाल व अभी अग्रवाल, जनक आयुष तिवारी एवं अन्य कलाकार ने मनमोहक प्रस्तुति दी।

वहीं दूसरे दिन की भगवान श्रीराम जी की आरती में भाटापारा प्रेस क्लब, प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया, सिक्ख समाज, राजपूत क्षत्रिय समाज एवं सोनी समाज के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि सम्मिलित हुए जिन्होंने 105 वर्ष से निरंतर जारी रामलीला मंचन के लिए आदर्श रामलीला नाटक मंडली को साधुवाद करते हुए प्रशंसा की।




वरिष्ठ पत्रकार संतोष अग्रवाल ने रामलीला मंडली के कार्यो को निकट से देखने एवं समिति के मेहनत में भागीदारी निभाने की बात कही। भाटापारा प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजीव तिवारी ने अपने संबोधन ने कहा कि रामलीला समिति के सदस्य एवं कलाकार कई महीनो के रिहर्सल एवं कड़ी मेहनत कर नवरात्र में 11 दिनों का मंचन करते हैं और भगवान के कार्यों का प्रचार प्रसार करते हैं जो की काफी सराहनीय है।

श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष प्रशांत वर्मा ने रामलीला समिति के स्थापित सन 1920 का उल्लेख करते हुए कहा कि यह रामलीला ब्रिटिश काल से चलते आ रही है जिसका निरंतर जारी रखना समिति के उल्लेखनीय कार्य को दर्शाता है संचालन समिति प्रशंसा की हकदार है वहीं यहां के नन्हे कलाकार एवं उनके पालको को भी बहुत-बहुत आभार एवं साधुवाद है जिन्होंने प्राचीन एवँ ऐतिहासिक रामलीला संचालन में लगातार सहयोग किया वही सिख समाज के प्रमुख त्रिलोक सिंह सलूजा ने संबोधन की कड़ी में कहा की रामलीला का 105 वर्ष तक पहुंचना ही अद्भुत मेहनत एवं निरंतर कार्यप्रणाली को दर्शाता है वर्तमान समिति बहुत अच्छा कार्य कर रही है निरंतर इसी तरह से प्रभु कार्य में सहयोग करते रहे। नाटक मंडली संचालन समिति की तरफसे संरक्षक बजरंग लाल चौरसिया ने उपस्थित सभी सामाजिक लोगो एवं पत्रकार बंधुओ को आभार व्यक्त करते हुए बहुत-बहुत साधुवाद दिया।

## समाचार संक्षेप

### गांधी जयंती पर त्रिमूर्ति इंटरप्राइजेज ने अभियान चलाकर की सफाई



**भाटापारा, 6 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** त्रिमूर्ति इंटरप्राइजेज फ्रेंचाइजी ऑफिस भाटापारा की ओर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती पर स्वच्छता अभियान चलाई जा रही है संत दास टंडन के नेतृत्व और आदर्श गैलवे, जेके प्रसाद के सानिध्य में स्वच्छता अभियान पूर्ण सफल रूप से संचालित किया गया। इस अभियान को कुछ क्षेत्र ईश्वर नगर, गुरु नानक वार्ड, बलभद्र वार्ड, प्रहलाद नगर, बस स्टैंड चौक से लेकर रॉयल होटल होते हुए सदर बाजार, रेलवे स्टेशन और पुलिस स्टेशन परिसर, साथ ही मंडी रोड, खोलवा रोड को साफसफाई किया गया। इस कार्य को त्रिमूर्ति इंटरप्राइजेज के मुख्य सेल्समैन वीसी टीम चायना कौशल, इथलेश बघेल, एकराम जयसवाल, कलावती जांगड़े, सरस्वती मरकाम, संजना विश्वकर्मा, दीप्ति नाग, सुनील कुमार सिदार, नरेंद्र कश्यप, नरेंद्र माथुर, नवीन नेताम के साथ अन्य डिस्ट्रीब्यूटर सेल्समेन स्वच्छता अभियान में शामिल होकर सफल बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दिए।

### संयुक्त टीम ने बिना अनुमति संचालित निजी क्लीनिक, पैथोलॉजी लैबों पर की कार्रवाई




**बलौदाबाजार, 6 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** लगातार शिकायतों के बीच कलेक्टर दीपक सोनी ने बिना किसी वैध अनुमती से जिले में संचालित निजी अस्पताल, क्लीनिक और पैथोलॉजी लैब सेंटरों पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसी तारतम्य में विकासखंड कसडोल के अन्तर्गत अवैध रूप से संचालित क्लीनिक, हास्पिटल पैथोलॉजी लैब एवं झोलाछाप डॉक्टरों पर संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए 4 क्लिनिक को सील किया गया है। जिसमें कसडोल नगर के त्रिवेदी क्लिनिक, विश्वास क्लिनिक, ग्राम कटगी आशा क्लिनिक एवं ग्राम कोसमसरा के डांडेकर क्लिनिक शामिल है। उक्त कार्रवाई नर्सिंग होम एक्ट के तहत पंजीयन न होने एवं आवश्यक कागजात न होने के कारण किया गया है। इसके साथ ही टीम पहुंचने पर ग्राम छाछी में स्थित वाशु पैथोलॉजी, ओम हेल्थ केयर, कटगी के गायत्री क्लिनिक, वर्मा पैथोलैजी, देवांगन क्लिनिक, आरोग्य क्लिनिक, आशा क्लिनिक बंद मिलें।उक्त कार्रवाई में बीएमओ डॉक्टर रविशंकर अजगले, नायब तहसीलदार ईश्वर केवट, चिकित्सा अधिकारी डॉ चंद्रकांत कुर्रे, विक्की वर्मा, कांस्टेबल कोमल साहू, सुपरवाईजर सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

- 4 को किया गया सील, कुछ मिले बंद

## एक नजर

### छात्रावासी कमार छात्रा ने पीवीटीजी की मेरिट सूची में बनाई जगह

**छुरा, 6 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छुरा जनपद के पिपरछेडी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा कुमारी प्रीति कमार ने माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा सत्र 2023-24मे कक्षा 12वी बोर्ड परीक्षा विज्ञान संकाय मे सम्मिलित होकर 75.60 अंक प्राप्त कर विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग मेरिट लिस्ट में जगह बनाई।जिसके लिये जिले के वरिष्ठ अधिकारीयो ने प्रीति कमार को बधाई दिये।शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष गोविंद राम यादव ने बताये कि कुमारी प्रीति ग्राम के कमार पारा निवासी मोहन कमार की पुत्री है जो छात्रावास मे रहकर पढ़ाई कर रही है।विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग से आती है।मेधावी छात्रा प्रीति कमार के इस उपलब्धी पर विद्यालय परिवार से प्राचार्य जी .एल.नायक, गोविंद यादव, बिसहत राम ध्रुव, सरपंच नीरा बाई ध्रुव विद्यालय की व्याख्याता जोहत राम यादव, विनोद वर्मा, योगेश ठाकुर, दीनदयाल टंडन, शिक्षिका प्रतिमा मनिकपुरी, चम्पेश्वरि ध्रुव, डागेश्वरि साहू, मनीषा भोई, मोनिका सिह, एकता तिवारी, बुद्धि सागर सोम, संजीत निषाद, फ्हेलाल साहू, दिपक, प्रवीण द्विवेदी, चैन सिंग, लीला राम कमार, ने प्रीति कमार के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए, ग्राम एवं विकाश खण्ड का नाम रोशन करने के लिये बधाई दिये।



### शराब पीकर वाहन चलाने वाले सात चालकों से वसूला गया 10-10 हजार का जुर्माना

**छुरा, 6 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु ऑपरेशन विश्वास के तहत यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन विधिवत जप्त करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी लगातार की जा रही है। चेकिंग अभियान में कसडोल, बलौदाबाजार एवं सिमगा में ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग कर 08 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया। पुलिस द्वारा इन सभी 08 प्रकरण में चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए, इनके वाहन विधिवत जप्त कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें 3 अक्टूबर को न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 7 प्रकरण में वाहन चालकों को पृथक-पृथक 10, 000-10, 000 एवं एक वाहन चालक को 15, 000 का अर्थदंड का आदेश दिया गया है। इस प्रकार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की संपूर्ण कार्यवाही में न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 08 वाहन चालकों को कुल 85, 000 का अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

### नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारियों की काली करतूत

# साल भर पहले बना मूत्रालय नीलाम

- छुरा नपं में सालभर पहले पार्षद निधि से लोगों की सुविधा के लिए बनाया गया था मूत्रालय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता






**छुरा, 6 अक्टूबर।** नगर पंचायत छुरा का एक और कारनामा निकल कर सामने आया है. जिसमें एक वर्ष पूर्व बनाऐ गये मुत्रालय को नीलाम कर दिया है. वहीं जिम्मेदार अधिकारी का कहना है कि नगर पंचायत अपनी आय बढ़ाने नगरीय क्षेत्र की अपनी किसी भी संपत्ति को नीलाम कर या किराये पर देकर अपनी आय बढ़ा सकती है जिम्मेदार अधिकारी द्वारा निकाय की आय बढ़ाने के नाम पर मुत्रालय को नीलाम करने का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार जून 2023 में नगर पंचायत में महिला एवं पुरूष मुत्रालय की आवश्यकता को देखते हुये पार्षद निधी से 3.27 की लागत से मुत्रालय का निर्माण करवाया गया था.जिसका बकायदा निविदा आमंत्रित कर मुत्रालय निर्माण करवाया गया.वहीं मुत्रालय निर्माण के ठीक एक वर्ष बाद निकाय द्वारा मुत्रालय के एक हिस्से को नीलाम करने बकायदा निविदा जारी की गई.जिसके बाद निविदा के आधार पर एक दुकानदार को मुत्रालय के उस हिस्से को 1लाख रूपये में नीलाम भी कर दिया गया है.

#### निकाय के दोनों दस्तावेजों में अलग-अलग नाम

नगर पंचायत छुरा द्वारा नीलाम की गई जगह को दोनो जगह अलग-अलग नाम दर्शाऐ गये है.जून 2023 में निर्माण के समय जो कार्यादेश जारी किया गया उसमें उसे महिला एवं पुरूष मुत्रालय कक्ष बताया गया है.तो वहीं 2024 में उसी जगह को नीलाम करते समय उसे भवन बताकर नीलाम कर दिया गया है.

नगर पंचायत की आय के स्त्रोत बढ़ाने के लिये भले ही मुत्रालय को नीलाम नगर पंचायत द्वारा किया गया है. लेकिन नगर पंचायत क्षेत्र में बस स्टैंड एवं स्वर्ण जयंती चौक में कई ऐसी दुकानें है जो अब तक आबंटीत नही हुई है.ऐसे में केवल एक दुकान के आबंटन की निविदा के बजाय अन्य सभी दुकानें जो आबंटित नही हुई है.उनकी भी अगर निविदा आमंत्रित की जाती तो वो नगर पंचायत की आय बढाने में मददगार साबित होता.नगर के जिम्मेदार अधिकारी द्वारा केवल एक कक्ष की नीलामी की निविदा निकलाना समझ से परे है.जानकारो की माने तो एक से अधिक दुकानों की नीलामी करने पर नगर पंचायत को दुकानो में अनुपातिक रूप से आरक्षण लागु करना होता है. केवल एक दुकान की नीलामी से आरक्षण की प्रक्रिया का पालन नही किया गया है. इस संबंध में नगर पंचायत छुरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी लालसिंह मरकाम से चर्चा करने पर उन्होने बताया कि उक्त भवन को नीलाम करने जनप्रतिनिधियों द्वारा सामान्य सभा में प्रस्ताव पारित किया गया था.जिसके बाद भवन को नीलाम करने की प्रक्रिया पूरी की गई है. निकाय अपनी आमदनी बढ़ाने अपनी संपत्ति को नीलाम कर आय बढा सकती है। नगर पंचायत छुरा पूर्व में बिना सरेंडर किये दुसरे दुकानदार को दुकान हस्तांरण कर सुर्खियों मे रह चुका है. विदित हो कि बजरंग चौक स्थित काम्पलेक्स की दुकान भी बिना पूर्व किरायेदार से दुकान सरेंडर कराये दुसरे दुकानदार को हस्तांरण कर चर्चा में रह चुका है. मामले में कलेक्टर से शिकायत के बाद एसडीएम द्वारा मामले की जांच भी की गई. लेकिन बाद में मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया. हालांकि नगर पंचायत के जिम्मेदार आज दिनांक तक भी उक्त दुकान के हस्तांरण से इंकार कर रहे है. नगर के नागरिक निकाय के जिम्मेदारों की मनमानी की शिकायत कलेक्टर से करने की तैयारी कर रहें हैं।

# संपर्क केंद्र के जरिए 4 साल से गुमशुदा महिला की राजस्थान से कराई गई सकुशल घर वापसी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 6 अक्टूबर।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा द्वारा 4 साल से गुमशुदा ग्राम ओडान निवासी 45 वर्षीय मोंगरा साहू को राजस्थान से सकुशल घर वापसी करायी गई है। इस दौरान कलेक्टर ने आज महिला एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग एवं अन्य संबधित विभाग को पेंशन एवं अन्य योजनाओं से लाभांवित करने के निर्देश दिए है। इसके साथ महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को काउंसलिंग कराने के निर्देश दिए है। मोंगरा साहू ने बताया की मेरे पति बहुत मारपीट करती थी जिससे मैं परेशान हो गई थी फिर मैं कमाने खाने के नाम से राजस्थान चली गई थी। वहां मेरा अचानक तबीयत (मानसिक स्थिती) खराब हो गई। बलौदाबाजार से लाने गए मिशन वात्सल्य सोशल वर्कर शहनवाज ने मिली जानकारी से बताया की मोंगरा साहू जुलाई 2023 से अपना घर महिला आश्रम भरतपुर में रह रही थी। उन्हें दौरा पुलिस थाने के जरिए आश्रम में छोड़ा गया था।

जिले में नवाचार के तहत स्थापित सपर्क केंद्र 92018- 99925 के जरिए दिनांक 17 सितंबर 2024 को अपना घर आश्रम भरतपुर वालों ने उक्त महिला के संबध में फोन कर जानकारी दी। जानकारी मिलते ही तत्काल कलेक्टर सोनी ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को उक्त महिला को लाने निर्देशित किया था महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से मिशन वात्सल्य सोशल वर्कर शहनवाज एवं सखी सेंटर केस वर्कर सुश्री तमन्ना जांगड़े आश्रम से संपर्क कर उन्हे सकुशल लाने हेतु राजस्थान पहुंचे थे। 4 साल बाद अपनी बेटी को देखने एवं सकुशल वापसी पर पिता जगदीश साहू ने नम आखों से कलेक्टर बलौदाबाजार- भाटापारा एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

क्रमांक/723/तक./न.पा.परि./2024-25 दन्तेवाड़ा, दिनांक 01/10/2024

### मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों/एजेंसी/कंपनी से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु नगर पालिका परिषद, दंतेवाड़ा द्वारा मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | अनु. लागत राशि (रुपये लाख में) | निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | नवीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य कतियाररास जियापारा दन्तेवाड़ा | 11.69 | 14.10.2024 |
| 2 | नवीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य ट्राईबल कालोनी दन्तेवाड़ा | 11.69 | |
| 3 | नवीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य ब्लाक कालोनी दन्तेवाड़ा | 11.69 | |
| 4 | नवीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य पानीटंकीपारा दन्तेवाड़ा | 11.69 | |
| 5 | नवीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य मांझीपदर मुरियापारा दन्तेवाड़ा | 11.69 | |
| 6 | नवीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य पातररास ठोठापारा दन्तेवाड़ा | 11.69 | |
| 7 | नवीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य कैलाश नगर दन्तेवाड़ा | 11.69 | |
| 8 | नवीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य वार्ड 15-2 दन्तेवाड़ा | 11.69 | |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के तकनीकी शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट https://www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद दन्तेवाड़ा
जिला- दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)



## कार्यालय नगर पालिका परिषद कवर्धा जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

क्र./3412/रा.वि./न.पा./2024-25 कवर्धा, दिनांक 1/10/2024

### नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है कि, निम्नांकित सूची अनुसार भूमि भवन हस्तांतरणकर्ता द्वारा हस्तांतरिती के नाम पर नाम परिवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

| क्र. | प्र.क्र. | हस्तांतरणकर्ता/ पिता, पति का नाम | हस्तांतरिती/ पिता, पति का नाम | वार्ड नं. | खसरा/ भूखंड नं. | क्षेत्रफल | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 138 | श्री प्रहलाद कुमार पिता जयराम | - | 8 | 186/89 | 0.100 hest | रजिस्ट्री पत्र |
| 2 | 139 | श्री आशीष कुमार अग्रवाल/ बृजलाल अग्रवाल | श्री बृजलाल अग्रवाल/ ग्यासीलाल अग्रवाल | 23 | 17/56 | 73.00 sqm | दानपत्र/ रजिस्ट्री पत्र |
| 3 | 140 | श्रीमती ममता श्रीवास/ सुबोध मेश्राम | - | 8 | 52/71 | 0.130 hest | रजिस्ट्री पत्र |
| 4 | 141 | श्री प्रतीक दुबे/रामेश्वर दुबे | श्री रोहन कुमार तम्बोली/ गजपती तम्बोली | 22 | 193 | 110.00 hest | रजिस्ट्री पत्र |
| 5 | 142 | श्री राजेन्द्र जायसवाल/ जगदीश जायसवाल | श्री जगदीश जायसवाल/ प्रेमलाल जायसवाल | 11 | 121/1 | 80.50 hest | पारिवारिक बटवारा विलेख |
| 6 | 143 | श्री सुखचंद जायसवाल/ जगदीश जायसवाल | श्री जगदीश जायसवाल/ प्रेमलाल जायसवाल | 11 | 121 | 161.00 hest | पारिवारिक बटवारा विलेख |
| 7 | 144 | श्रीमती कुमारी देवांगन/ राजकुमार देवांगन | श्री कुंजराम साहू/झाडूराम | 8 | 167/101 | 0.006 hest | रजिस्ट्री पत्र |
| 8 | 145 | श्रीमती प्यारी बाई/मेहतरु निषाद | श्री जितेन्द्र, संजय, भागा बाई/रामू निषाद | 26 | 343/63 | 0.008 hest | रजिस्ट्री पत्र |
| 9 | 146 | श्रीमती अंजली चन्द्रवंशी/ सरवन चन्द्रवंशी | श्री सुन्दरलाल चन्द्रवंशी/ बलराम चन्द्रवंशी | 1 | 318/17 | 0.006 hest | रजिस्ट्री पत्र |
| 10 | 147 | श्रीमती अजुबन शेख/जुलकर नैन | श्री रसीद खान/हकीमद्दीन | 1 | 307/34 | 0.0040 hest | रजिस्ट्री पत्र |
| 11 | 148 | श्री निशीकांत भूईया/मोहन भूईया | श्रीमती प्रमिला श्रीवास्तव/ रामसेवक एवं अन्य जितेन्द्र 03 | 19 | 137/1 | 123.10 sqm | रजिस्ट्री पत्र |

अतः उपरोक्त सूची अनुसार जिसे भी इस संबंध में दावा/आपत्ति हो तो वह मूल प्रमाण पत्र एवं प्रमाणित दस्तावेज सहित इस सूचना प्रकाशित के 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षकर्ता को लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के पश्चात या बिना प्रमाण के प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा नामांतरण नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद कवर्धा


### कचना धुरुवा महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने मनाया स्वच्छता पखवाड़ा

# रैली निकालकर ली शहर को साफ रखने की शपथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 6 अक्टूबर।** राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों द्वारा कचना धुरुवा महाविद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। देश में स्वच्छता और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए भारत के चल रहे प्रयासों के एक हिस्से के रूप में, स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाया गया।

स संबंध में, राष्ट्रीय सेवा योजना कचना धुरुवा महाविद्यालय के स्वयंसेवको ने महात्मा गाँधी की जयंती पर महाविद्यालय परिसर, खेल मैदान की साफ सफाई कर स्वच्छता पखवाड़ा का समापन किया। जो 17 सितंबर से शुरू होकर 2 अक्तूबर तक इस उल्लिखित अवधि के दौरान, एनएसएस स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर, छात्रावास, औषधालय, आवासीय क्षेत्र, ग्राम, कस्बे, शहर और सभी संभव कार्य स्थलों को साफरखने की शपथ ली। इस के अलावा, उन्होंने खेल मैदान, पार्किंग स्थल जैसे कुछ महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थानों की भी सफाई की है। उन्होंने स्वच्छता रैली का आयोजन किया और उसमें भाग लिया।

इस रैली का उद्देश्य अन्य युवा छात्रों, कर्मचारियों और संकाय सदस्यों को स्वच्छता और स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करना है, जो धरनी और जीवन को स्वस्थ रखने के लिए महत्वपूर्ण है। छात्रों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करते हुए, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी के साहू, कार्यक्रम अधिकारी, आर आर कुर्रे, प्राध्यापक तरूण निर्मलकर, पवन कुमार यादव, विनोद यादव, के आर साहू, टेमन साहू, प्राध्यापिका निर्मला यादव, सुश्री आरती साहू, उपस्थित थे। प्राचार्य डॉ.डी के साहू, एवं कॉलेज प्रबंध समिति के सदस्य टी के यदु ने महाविद्यालय परिसर और आसपास को स्वच्छ बनाने में स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना की व सभी स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं दीं और स्वच्छता पखवाड़ा 2024 के आयोजन के लिए एनएसएस टीम को बधाई दी।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ के बीजेपी नेता महाराष्ट्र और झारखंड करेंगे चुनाव प्रचार

**रायपुर, 6 अक्टूबर ।** झारखंड चुनाव के लिए भाजपा की ओर से क्लस्टर प्रभारियों की सूची जारी कर दी गई है। भाजपा से जारी सूची के अनुसार रामगढ़ और हजारीबागः मंत्री ओपी चौधरी, गिरिडीहः उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सरायकेला, खरसांवा, चाईबासाः सांसद विजय बघेल, चार सीटेंः केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, जमशेदपुर की चार सीटेंः पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, बहरागोड़ा, घाटशिला, पोटका, जुगसलाई, जमशेदपुर पूर्व और पश्चिमः पंडरिया रूरू भावना बोहरा, महाराष्ट्र चुनाव के लिए नियुक्तियां- संभाजीनगर शहरः प्रदेश महामंत्री रामजी भारती, धाराशिवः पूर्व रूरू नवीन मार्कण्डेय, लातूर ग्रामीणः संतोष उपाध्याय, नंदकुमार राणा, गोपाल विष्ठ, बीडः पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, श्रवण मरकाम, संभाजीनगर दक्षिणः पूर्व रूरू विनोद खांडेकर, संभाजी नगर उत्तरः निरंजन सिंहा, जालना ग्रामीणः कोमल जंघेल, परभणी ग्रामीणः पूर्व रूरू नंदे साहू, हिंगोलीः वीरेंद्र साहू, नांदेड़ शहरः पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, आशु चंद्रवंशी, नांदेड़ उत्तरः विक्रांत सिंह।

### विप्र कॉलेज में 8 अक्टूबर से इंटर कॉलेज बास्केटबॉल

**रायपुर 6 अक्टूबर।** उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय द्वारा विप्र ट्रॉफी अंतर महाविद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन आठ व नौ अक्टूबर को किया जा रहा है । उपरोक्त जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने बताया कि अंतर महाविद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के माध्यम से 16 अक्टूबर को रायगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय इंटर सेक्टर प्रतियोगिता में शामिल होने वाली रायपुर सेक्टर टीम का गठन भी किया जाएगा। प्रतियोगिता में रायपुर सेक्टर की लगभग 10 टीम शामिल होगी।

### नामदेव श्रीगावँकर कामनवेल्थ ताइक्वांडो यूनियन के उपाध्यक्ष नियुक्त

**रायपुर 6 अक्टूबर।** छग स्टेट ताइक्वांडो संघ द्वारा इंडियन ताइक्वांडो फेडरेशन के अध्यक्ष नामदेव श्रीगावँकर को कामनवेल्थ ताइक्वांडो यूनियन का उपाध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर छग ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष अनिल रॉय,सचिव रविशंकर धनगर ,कोषाध्यक्ष राकेश प्रधान,प्रमोद सिंह ठाकुर सहित समस्त पदाधिकारीयो ने बधाई दी ज्ञातव्य हो की श्री नामदेव पहले भारतीय है जिन्हें इंटरनेशनल ताइक्वांडो फेडरेशन में नियक्ति प्राप्त हुई हैयह जानकारी छःग ताइक्वांडो संघ के महासचिव रविशंकर धनगर ने एक विज्ञप्ति में दी।

### न्युवोको ने सबसे खास सरपंच अभियान का किया समापन



**रायपुर 6 अक्टूबर।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह, ने अपनी प्रमुख ग्रामीण आउट रीच पहल, सबसे खास सरपंच को सफलता पूर्वक संपन्न किया है। ये पहल, पहले से जारी ब्रांड अभियान, सीधी बात है, ड्यूरागार्ड खास है÷ के एक भाग के रूप में पश्चिमी मध्य प्रदेश में संचालित की गई। फाइनल सम्मान समारोह में पश्चिमी मध्य प्रदेश के 150 से अधिक सरपंचों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने अपने गांव के विकास में काफी शानदार विकास कार्य किए। उनके प्रयासों और उनके बेहतरीन योगदान को मान्यता देने के लिए सम्मानित किया गया। यह अनूठा ब्रांड अभियान तीन प्रमुख कार्यक्रमों के माध्यम से सामने आया, जिसमें काफी लोगों तक पहुंचा गया। ये अभियान, जो 4000 से अधिक गांवों तक पहुंचा, इसमें 2500 सरपंचों को शामिल किया और 150 बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों को सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया।

### भ्रष्टाचार के मामले में सीएमओ ममता चौधरी निलंबित, आदेश जारी

**रायपुर, 6 अक्टूबर।** राज्य सरकार ने लैलूंगा की सीएमओ ममता चौधरी को भ्रष्टाचार के आरोप में निलंबित कर दिया है. ममता चौधरी नगर पंचायत लैलूंगा में प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पद पर तैनात थीं. उन पर आरोप है कि 2016-17 में नगर पंचायत किरोड़ीमलनगर में अध्यक्ष और पार्षद निधि से डस्टबीन की खरीद में अनियमितता की गई थी. जांच के बाद उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है. बता दें, ममता चौधरी पहले भी एक बार निलंबित हो चुकी हैं. उनके निलंबन का यह दूसरा मामला है. सरकारी आदेश में बताया गया है कि उनकी शिकायतों की जांच के बाद यह निर्णय लिया गया।



**रायपुर 6 अक्टूबर।** रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए वरिष्ठ कांग्रेसी दयाराम मेंढे ने अपनी दावेदारी का आवेदन जैजैपुर विधानसभा के पूर्व विधायक एवं गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष राजे री महंत रामसुंदर दास दुग्धाधारी मठ के महंत से मुलाकात किया उन्होंने तन मन धन से सहयोग करने का आशीर्वाद दिया।

# घर का आईना भी,अब हक जताने लगा है, खुद तो वैसा ही है,मेरी उम्र बताने लगा है!





भाजपा के 75 वर्ष से अधिक उम्र के नेताओं को मार्गदर्शन मँडल में भेज दिया था जिसमें लालकृष्ण आडवाणी, मुरलीमनोहर, जोशी प्रमुख थे वहीं तबकी लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन,वरिष्ठ सांसद रहे रमेश बैस को भी 2019 में उम्र के चलते लोस प्रत्याशी नहीं बनाया था।अब पीएम नरेंद्र मोदी 75 साल की उम्र पार कर गये हैँ वहीं नितिन गडकरी,राजनाथसिंह,जगत प्रकाश नड्डा, हेमामालिनी आदि भी 75 साल केकरीब हैं,अब कहा जा रहा है कि 75 साल में सेवानिवृत होने का भाजपा मैं कोई नियम नहीं है..?तो क्या आडवाणी आदि को पार्टी से निपटाने उस समय जुमला उछाला थाज? वैसे बड़े नेताओं ने भाजपा के इतिहास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और देश के विकास में उनका योगदान भी रहा है।



### मप्र के सीएस का भी रहा है छग से रिश्ता

मप्र के मुख्य सचिव बने अनुराग जैन, निवृतमान सीएस वीरा राणा के साथ एक बात कॉमन है कि दोनों अपनेआईएएस प्रशिक्षण काल में एडीशनल कलेक्टर रह चुके हैं।मप्र की मुख्य सचिव वीरा राणा (कभी रायपुर में एडीशनल कले क्टर ) सेवानिवृत्त हो गईं। उनके स्थान वरिष्ठ आईए एस अनुराग जैन को मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। वे पीएमओ में संयुक्त सचिव रह चुके हैं, अनुराग जैन की पहली पोस्टिंग जून 1990 में असिस्टेंट कले क्टर के तौर पर सागर में हुई। फिर कांकेर (छत्तीस गढ़),छिंदवाड़ा,दुर्ग (छत्ती सगढ़)विभिन्न भूमिकाओं का निर्वहन किया। अपने प्रशिक्षण काल में बस्तर के कांकेर में एडी. कलेक्टर तथा दुर्ग जिला पंचायत में सीइओ भी रह चुके हैं।जुलाई 1997 में पहली बार कलेक्टर के तौर पर मंडला का चार्ज मिला।फिर मंदसौर,भोपाल में कलेक्टर रहे। 2005 में सीएम शिव राज सिंह चौहान के सचिव थे। जैन अगस्त 2025 में सेवानिवृत होंगे।

### पवन देव भी डीजीपी के दावेदार बने



छत्तीसगढ़ के दूसरे वरिष्ठ आईपीएस पवनदेव डीजी पदोन्नत हो गये हैं। डीजीपी अशोक जुनेजा के बाद 19 92 बैच के पवनदेव वरिष्ठ ता में दूसरे नंबर पर हैं।वहीं इनके बाद 1994 बैच के अरुणदेव गौतम, हिमांशु गुप्ता का नंबर आता है। फरवरी 25 में जुनेजा की सेवावृद्धि समाप्त होने के बाद इन तीनों में अगला डीजीपी बन सकता है।

### कठिन हालात में प्रमोटी आईपीएस का ही सहारा

छग में सीधे आईपीएस अफसरों की बड़ी संख्या है, अधिकांश जिलों में सीधे आईपीएस बने अफसरों की तैनाती भी है पर ज़ब भी स्थिति बिगड़ती है तो प्रमोटी आईपीएस की ही पदस्थापना की जाती है क्यों.? बलौदाबाजार में एक भीड़ ने कलेक्टरएसपी ऑफिस जला दिया,आईपी एस सदानंद स्थिति सम्हाल नहीं सके, उन्हें हटा प्रमोटी आईपीएस विजय अग्रवाल को पदस्थ किया गया और स्थिति लगभग नियंत्रण में हैं। गृहमंत्री विजय शर्मा के गृह जिले कवर्धा में हाल फिलहाल 3 लोगों की मौत के मामले में सीधे आईपी एस डॉ अभिषेक पल्लव को हटा प्रमोटी आईपीएस राजेश अग्रवाल की तैनाती की गई है, वे भी वहाँ की स्थिति सम्हालने प्रयत्नशील हैं,एक आईपीएस प्रशिक्षु एडीशनल एसपी को निलं बित कर दिया गया?कवर्धा जैसे छोटे जिले में वैसे एसपी छोड़ दूसरे आईपी एस की तैनाती की जरूरत नहीं थी पर जोगीकार्यकाल में गृहमंत्री नंदकुमार पटेल के साथ एक एडीज़ एसपी की तैनाती थी बस उसी तर्ज पर विजय शर्मा ने भी प्रशिक्षु आईपीएस की तैना ती करा ली थी। हालांकि उन एसपी डॉ पल्लव को हटाने दबाव भी था पर वे पता नहीं उन्हें क्यों नहींहटा पा रहे थे.? उनकी जल्दी किसी जिले में एसपी बनाने की चर्चा है?खैर इसीकवर्धा में एक बार झंडा विवाद के चलते आईपीएस मोहित गर्ग को हटा प्रमोटी आईपी एस लाल उम्मेद सिँह की तैनाती की गई थी झंडा विवाद में विजय शर्मा भी आरोपी थे।भूपेश बघेल के कार्यकाल में भी तब केमंत्री टीएस सिंहदेव, विधायक वृहस्पतिसिँह के बीचविवाद चल रहा था, तब भीआईपी एस मोहित गर्ग को हटाकर प्रमोटी आईपीएस उम्मेद सिंह की बलरामपुर में तैना ती की गई थी,सवाल बड़ा है कि बिगड़े हालात में तो प्रमोटी आईपीएस की याद आती है पर पदस्थापना में उनकी जगह सीधे आईपी एस को महत्व दिया जाता है?



### डॉ आलोक, टुटेजा के अग्रिम जमानत मामले की जाँच होगी

छत्तीसगढ़ में हुए नागरिक आपूर्ति निगम(नान) घोटाले के आरोपी पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा,आलोक शुक् ला को अग्रिम जमानत दिये जाने के मामले में हाईकोर्ट के जस्टिस की भूमिका को लेकर सरकार और ईडी ने सवाल उठाया है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस पर लगाये आरोपों की जांच का निर्णय लिया है।आरोप है कि टुटेजा-शुक्ला ने अग्रिम जमानत प्राप्त करने एक हाईकोर्ट जस्टिस को प्रभा वित किया?जस्टिस एएस ओका,एजी मसीह की पीठ नेअतिरिक्त सॉलिसिटर जन रल एसवी राजू से मामलों में कुछ सबूतों की मांग की। क्या जमानत पाए इन अफ़ सरों ने जमानत का दुरुप योग करते हुए सबूतों सेछेड़ छाड़ की है? क्या उन्होंने जस्टिस को प्रभावित भी किया!

### और अब बस

- » आईजी और कुछ एसपी के तबादले में क्यों देरी हो रही है?
- » क्या छग मंत्रिमंडल विस्तार में किसी बड़े मंत्री का विभाग बदलेगाज?
- » पहली बार हाईकोर्ट के आदेश पर वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ एफआई आर हुई है

# दुर्गा पूजा पंडालों में नहीं बजेंगे म्यूजिक सिस्टम

**गरबा के लिए भी रात 10 बजे तक तय किया गया समय, जारी हुई गाइडलाइन**

**रायपुर, 6 अक्टूबर ।** दुर्गा पूजा के दौरान प्रशासन ने म्यूजिक (डीजे) बजाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। साथ ही आयोजकों को खुद ही बाउंसर, वालेंटियर, सुरक्षा गार्ड तैनात करना होगा।

गुरूवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले ने रास गरबा आयोजक समिति के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। सिविल लाइन स्थित सी-4 भवन के सभाकक्ष में हुई बैठक में पटले ने रासगरबा आयोजकों को अपने-अपने आयोजन के संबंध में संबंधित थाना क्षेत्र में सूचना देने के साथ ही आयोजन स्थल पर प्रवेश के पूर्व सभी की जांच-पड़ताल भी करने को कहा।

एएसपी सिटी लखन पटले ने कहा कि रास-गरबा के दौरान डीजे बजाना प्रतिबंधित रहेगा। साउंड सिस्टम को हाईकोर्ट की



गाइडलाइन के तहत निर्धारित डेसीमल,समय सीमा तक ही बजाया जा सकेगा। इसके बाद भी कोई डीजे का इस्तेमाल करता है तो उसके खिलाफ वैधानिक कानूनी कार्रवाई करने के साथ ही डीजे,साउंड सिस्टम को जब्त कर लिया जायेगा।

आयोजकों के क्षमता के अनुरूप ही प्रवेश पास बांटने के निर्देश दिए गए, जिससे प्रवेश के दौरान विषम स्थिति निर्मित न हो। आयोजन स्थल में पार्किंग की प्रर्याप्त व्यवस्था भी होना चाहिए,ताकि सड़क पर वाहन पार्क न हो और जाम की शिकायत न आए। रासगरबा के दौरान किसी भी प्रकार की फुहड़ता का प्रदर्शन और नशे का सेवन नही होना चाहिए। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और गरिमामय तरीके से आयोजित हो।



रायपुर 6 अक्टूबर। माना कैंप मार्केट में बना आकर्षक दुर्गा पंडाल।

### रायपुर में खुलेंगी और 55 नई राशन दुकानें

**रायपुर, 6 अक्टूबर ।** राजधानी रायपुर में राशन कार्ड धारकों को बिना किसी परेशानी के आसानी से खाद्यान्न मिल सके, इसके लिए खाद्य विभाग 55 और नई दुकानें खोलने जा रहा है। इन दुकानों को खोलने के पीछे विभाग की मंशा है कि प्रत्येक दुकान में पंजीकृत कार्ड धारकों की संख्या 5 सौ से अधिक न हो। शहर में संचालित ऐसी कई दुकानें हैं, जहां अभी भी एक हजार से अधिक पंजीकृत कार्ड धारक हैं। इसके कारण इन दुकानों में अभी भी हितग्राहियों की भीड़ लग रही है। इसे देखते हुए विभाग अब 55 और नई दुकानें खोलने जा रहा है, ताकि दुकानों में पंजीकृत कार्ड धारकों की संख्या का अनुपात बराबर रहे। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, नगर निगम रायपुर क्षेत्र में 55 नई राशन दुकान खोलने के लिए अनुमोदन प्रस्ताव को स्वीकृति मिल चुकी है। इसके साथ ही अब जल्द ही इन दुकानों को आबंटन के लिए विज्ञापन जारी कर आवेदन मंगाए जाएंगे। आवेदन देने के लिए निर्धारित अवधि तय की जाएगी। तय अवधि के दौरान आवेदनों के दस्तावेजों का परीक्षण के बाद दुकानें आबंटित की जाएंगी। नई दुकानें कौन-कौन से वार्ड में खुलेंगी, इसका भी निर्धारण कर लिया गया है। इसके तहत 29 वार्डों में ये दुकानें खोली जानी हैं।

# चेम्बर ने आमजनों से स्थानीय बाजारों से खरीदारी करने का निवेदन किया

**रायपुर 6 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी,विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि त्योहारी सीजन को देखते हुए चेम्बर ने पारंपरिक बाजारों की रौनक लौटाने तथा ऑनलाइन प्लेटफार्म से खरीदारी नहीं करने हेतु लोगों में जागरूकता लाने आया त्यौहार चलो बाजार अभियान के तहत चेंबर ने आमजनों से लोकल बाजार के स्थानीय व्यापारियों एवं छोटे दुकानदारों से खरीदारी करने निवेदन किया है ।चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी ने बताया कि त्योहारी सीजन में व्यवसाय में ऑनलाइन दखल रोकने, स्थानीय व्यापार को प्रोत्साहित करने एवं बाजार की रौनक लौटाने हेतु छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वावधान में आया त्यौहार चलो बाजार अभियान की शुरुआत की गई जो देश के प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी के विजन वोकल फॉर लोकल अभियान को समर्थन देना है।

श्री पारवानी जी ने आगे कहा कि चेम्बर व्यवसाय और उद्योग के उत्थान के लिए सदैव प्रयासरत है। ऑनलाइन व्यापार से परंपरागत व्यवसाय बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। लोग आकर्षक छूट के लालच में घर बैठे सामान खरीद रहे हैं एवं बाजार से भी विमुख हो रहे हैं, परंपरागत व्यवसाय विभिन्न चुनौतियों से जूझ रहा है जिसे रोकने ÷आया त्यौहार चलो बाजार÷ अभियान के तहत चेंबर द्वारा आमजनों से स्थानीय बाजार के व्यापारियों एवं छोटे दुकानदारों से खरीदारी करने निवेदन किया जा रहा है ।

स्थानीय व्यापारी अर्थव्यवस्था की जान हैं और बाजार की शान हैं। स्थानीय बाजार में खरीदारी से न सिर्फ व्यापार में वृद्धि होगी, अपितु त्योहारों की सार्थकता भी सिद्ध होगी। यह अभियान लोगों को आपस में भावनात्मक रूप से जोड़ने का माध्यम भी बनेगा।

### लूतरा शरीफ का 66 वां सालाना उर्स 20 अक्टूबर से, तैयारियां जोरों पर

**रायपुर 6 अक्टूबर।** शहंशाहे छत्तीसगढ़ के नाम से मशहूर सूफी-संत हुजूर बाबा सैय्यद इंसान अली शाह रहमतुल्लाह अलैह लुतरा शरीफ के लिए वक्फ बोर्ड द्वारा गठित इंतेजामिया कमेटी 6 दिवसीय सालाना उर्स की तैयारियों में जुटी हुई है। प्रेस क्लब रायपुर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कमेटी के सदर इरशाद अली ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी हजरत बाबा सैय्यद इंसान अली शाह के 6 दिवसीय 66 वां सालाना उर्स पाक आगामी 20 से 25 अक्टूबर 2024 तक बड़े ही अकीदत और शानो शौकत के साथ मनाया जाएगा। इंतेजामिया कमेटी से जुड़े सभी पदाधिकारी,मेंबर के अलावा उर्स कमेटी के तमाम पदाधिकारी उर्स की तैयारियां तेज कर चुके हैं। श्री अली



ने जानकारी दी कि सालाना उर्स का आगाज़ 20 अक्टूबर की सुबह 11-00 बजे परचम कुशाई मटका पार्टी पप्पू नौशाही,कामठी नागपुर के साथ किया जाएगा। पहले दिन रात 9-00 बजे नात मनकबत तकरीर कारी अल्हाज हसन अशरफी व हाफिज मोहम्मद इजरायल मुदर्रिश दारुल उलूम फैजाने इंसान अली शाह के द्वारा कलामें पाक की तिलावत के साथ प्रोग्राम की शुरुआत करेंगे। इसके पहले दोपहर 3-00 बजे दरगाह से शाही संदल चादर निकाली जाएगी।

# रोटरी क्लब में पांच दिवसीय चिकित्सा शिविर का समापन

**रायपुर 6 अक्टूबर।** रोटरी क्लब रायपुर में एक्युप्रेशर , सुजोक , कपिंग, वाइब्रेशन एवं चुंबकीय पद्धति से रोगों के इलाज हेतु लगाए गए चिकित्सा शिविर के समापन अवसर पर मुख्य चिकित्सक डॉ एम ए चयनन ने कहा कि आयुर्वेद एवं अन्य प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों को हमने छोड़ कर अंग्रेजी चिकित्सा को अपना लिया वहीं विदेशों ने हमारी प्राचीन चिकित्सा पद्धति को अपना लिया वहीं चिकित्सा पद्धति अब वापस हम अपना रहे हैं । सत्तर प्रतिशत बीमारी की मूल वजह हमारी बदली हुई लाइफ स्टाइल व बदलते खान पान के कारण होती है साथ ही मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से होने वाली रिडिएशन भी कई बीमारियों की जड़ है । हमें अपने खानपान पर विशेष ध्यान देना होगा , रात्रि में जल्दी सोकर सुबह जल्दी उठना भी हमारे स्वास्थ के लिए लाभकारी होगा । उपस्थित जन समुदाय के द्वारा पुछे गए सवालों के जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओ का समाधान भी किया गया । यह शिविर रोटरी क्लब ऑफ रायपुर एवं इनर व्हील क्लब रायपुर के सयुक्त तत्वाधान में जलविहार कालोनी में आयोजित किया गया है । क्लब के अध्यक्ष एन सी मोरियानी ने इस अवसर पर डॉ महमूद अली , डॉ चयनन एवं थेराफिस्ट रविंद्र बिसनोई जी का आभार व्यक्त करते हुए उनके सफल चिकित्सा शिविर के लिए बधाई एवं आभार प्रकट किया ।

जयंत कुमार थोरात ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए शीघ्र ही पुनः इस शिविर को आयोजित करने की इच्छा प्रकट की। इस अवसर पर चिकित्सा के लाभार्थीयो के साथ क्लब के प्रदीप गोविंद शितूत , सुभाष साहू , शेखर अमीन , भरत डागा , डॉ राकेश पांडे , अंजली शितूत , विनोद श्रीवास्तव , शिव रतन गुप्ता सहित इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष समता अग्रवाल , प्रीति जोशी , रूचिता राठौड़ आदि उपस्थित थे।



### मुनि सुधाकर ने पुलिस जवानों से कहा, प्रसन्नता के रसायन का सेवन करें

**रायपुर, 6 अक्टूबर ।** रायपुर पुलिस लाइन में परेड के बाद आचार्य श्री महाश्रमण के सुशिष्य मुनिश्री सुधाकर जी के सान्निध्य में आज गतिमान अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह अंतर्गत अणुव्रत समिति व पुलिस प्रशासन, रायपुर द्वारा तनाव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन पुलिस परेड़ ग्राउंड में पुलिस अधिकारियों व पुलिस कर्मियों के साथ विशेष रूप में एसएसपीश्री संतोष सिंह जी की उपस्थिति में किया गया। मुनि सुधाकर ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा मानसिक तनाव की समस्या वर्तमान युग की प्रमुख और जटिल समस्या है उससे छुटकारा पाने के लिए हमें अध्यात्म का सहारा लेना चाहिए आध्यात्मिक नियमों से तनाव प्रबंधन संभव है मुनि सुधाकर जी ने तनाव प्रबंधन के पांच सूत्रों की चर्चा करते हुए कहा अपने में खुश रहो दूसरों से अपनी तुलना मत करो आगे की फिक्र एवं पीछे का जिक्र मत करो स्वयं पर नियंत्रण रखो परिस्थिति से अधिक मन स्थिति पर ध्यान दो परिस्थितियों बदलती रहती है मनस्थिति न बदले हर परिस्थिति में मुस्कुराते रहें।

### आईटीसी के सनफीस्ट डार्क फैंटेसी ने बच्चों की कल्पनाशक्ति को जागृत करने के लिए बिग फैंटेसीज पहल की शुरुआत की

**रायपूर 6 अक्टूबर।** भारत का पसंदीदा कुकी ब्रांड, आईटीसी सनफीस्ट डार्क फैंटेसी, जो रोजाना के पलों को खास अनुभवों में बदलने के लिए जाना जाता है, ने गर्व से अपनी अभिनव पहल, बिग फैंटेसीज- गिव विंग्स टू योर इमेजिनेशन की घोषणा की है। इस पहल के माध्यम से, ब्रांड का लक्ष्य कला को तकनीक के साथ मिलाकर बच्चों में रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति को जागृत करना है।





यह अनोखी और दूरदर्शी पहल सेंट जोसेफ स्कूल, बैंगलोर में बच्चों, उनके माता-पिता और सम्मानित अतिथियों की उपस्थिति में शुरू की गई। इस कार्यक्रम में बच्चे की कल्पनाशक्ति को जागृत करने के महत्व विषय पर एक विस्तृत पैनल चर्चा भी हुई, जिसमें अंतरिक्ष अन्वेषण, शिक्षा, मनोविज्ञान और रचनात्मक कला के क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियां शामिल थीं। पैनल चर्चा के अतिथि वक्ताओं में सुश्री मंदिरा बेदी, श्री प्रकाश राव (इसरो के पूर्व निदेशक), डॉ. मेघा महाजन (डीएम- निमहंस) और रेवरेंड फादर रोहन डी अल्मेडा (प्रिंसिपल, सेंट जोसेफ स्कूल) जैसी प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल थीं। पैनल ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे कल्पनाशक्ति एक बच्चे के समग्र विकास का एक मूलभूत पहलू है और कैसे यह रचनात्मकता और समस्या सुलझाने के कौशल को बढ़ावा देती है, जिससे उन्हें नए विचारों को जागृत करने और चुनौतियों से निपटने में मदद मिलती है। इसरो के पूर्व निदेशक श्री प्रकाश राव ने रचनात्मकता और तकनीक के बीच तालमेल बैठाने और भविष्य की पीढ़ियों को आकार देने में कल्पनाशक्ति की भूमिका के बारे में बात की। अली हैरिस शेरे, सीओओ, बिस्कुट और केक क्लस्टर, फूड्स डिवीजन, आईटीसी लिमिटेडने नई पहल के शुभारंभ पर टिप्पणी करते हुए कहा, आईटीसी सनफीस्ट डार्क फैंटेसी में, हमारा विश्वास हैं कि बच्चों के जीवन को सामान्य से खास बनाने के लिए रचनात्मकता और कल्पना की शक्ति महत्वपूर्ण है। बिग फैंटेसीज़ के माध्यम से हमें भारत में पहले कभी नहीं देखी गई तकनीक लाने पर गर्व है, जो बच्चों को खुद को व्यक्त करने और अपनी कल्पनाओं को साकार होते देखने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करती है। हम देश भर के युवाओं के मन में आश्चर्य और नवाचार की भावना पैदा करने के लिए उत्साहित हैं, जो उन्हें बड़े होने पर असीम संभावनाओं का पता लगाने के लिए प्रेरित करेगा।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26